# रेत का अवैध उत्खनन ठेका कर्मचारियों ने रोका तो स्थानीय माफिया ने की मारपीट

## रेत के अवैध कारोबार में खाकी और खादी दोनों बदनाम?

**सिंगरौली।** रेत ठेका कंपनी के कर्मचारीयों के साथ स्थानीय रेत माफिया ने मारपीट कर ठेका कंपनी के कर्मचारियों के वाहन में तोड़फोड़ की है। ठेका कंपनी के कर्मचारी रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन रोकने पहुंचे थे। जिस पर स्थानीय माफियाओं ने हमला बोल दिया और मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई, पुलिस जब मौके पर पहुंची तो मारपीट करने वाले आरोपी मौके से फरार हो गए। गौरतलब है कि पिछले दिनों गनियारी में भी रेत के एक ट्रैक्टर से कुचलकर एक बच्चे की मौत हो चुकी है जबकि एक व्यक्ति अवैध रेत उत्खनन परिवहन करते हुए पलट गया था जिससे एक ड्राइवर की मौत हो गई थी। अब गनियारी में एक बार फिर रेत के अवैध माफिया रेत ठेकेदार कंपनी के विजिलेंस टीम पर ही हमला बोल दिया है। सोमवार कि अल सुबह तकरीबन 4 बजे बलियरी में साहकार ग्लोबल कंपनी के कर्मचारियों के साथ रेत माफियाओ ने लाठी डंडे से मारपीट की है साथ ही गाड़ियों में तोड़फोड़ करने की साहकार ग्लोबल कंपनी के कर्मचारियों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने रेत माफियाओं के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए मामले को विवेचना में ले लिया है। माफिया के हौसले इतने बुलंद है कि उन्हें ना जिला पुलिस का और ना ही सरकारों का। इस तरह की घटनाओं से साबित होता है कि जिले में अवैध रेत माफियाओं पर पुलिस अंकुश नहीं लग पा रही। या फिर टेबल के नीचे वाले रिश्ते पुलिस के इतने मजबूत है कि माफिया पर कार्यवाही करने का जोखिम उठाना उनके बूते की बात नहीं है। चर्चा तो यह है कि इन रेत माफियाओं को स्थानीय नेताओं का संरक्षण रहता है इसीलिए पुलिस पर अक्सर अवैध माफिया की हनक की खबरें बीच-बीच में आती रहती है।



### यह था मामला

कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए फरियादी प्रिंस कुमार कटारे पिता सुशील कुमार कटारे उम्र 22 वर्ष निवासी रेण्डर जिला जालौन उत्तर प्रदेश ने बताया कि साहकार ग्लोबल लिमिटेड कंपनी बलियरी में काम करता हूं जो कंपनी रेत बेचने के लिए शासन द्वारा अधिकृत है। कंपनी में विजिलेंस टीम में काम करता हूं 21 अप्रैल को सुबह 4:00 बजे टीम के साथ चार लोग मुकेश कुमार यादव श्याम लाल यादव राजन कुमार यादव अपनी बोलेरो से अपने ऑफिस बलियारी तरफ जा रहे थे तो एक ट्रक वाहन क्रमांक एमपी 66 जी 0641 सामने आ रहा था। उसके ड्राइवर से पूछा गया कि क्या लोड है तो बताया कि बालू लोड है। तब हम लोगों ने बालू की रॉयल्टी दिखाने को कहा इतने में वाद विवाद हो गया। तभी गाड़ी का ड्राइवर कमलेश्वर फोन करके वाहन स्वामी भरत लाल शाह को बुला लिया। उसके साथ में रमेश शाह, परितोष साह और लवकुश साह आ गए जो अपने हाथ में लाठी डंडा लिए हुए थे। सभी लोग कंपनी के चार लोगों के साथ हाथ मुक्का और लाठी डंडा से मारपीट करने लगे। तब सतीश तिवारी को फोन लगाया तो सतीश तिवारी और संदीप राजावत भी आए और आकर बीच बचाव किया। जहां रेत माफियाओं ने जाते हुए कहा कि अगर अगली बार इधर दिखे तो जान से मार कर खत्म कर देंगे। रेत माफियाओ ने कंपनी के बोलेरो पर भी पथराव किया। जिससे काफी नुकसान हुआ है। रेत माफियाओं सहकार कंपनी के कर्मचारियों के साथ जो अभद्रता की है उसको लेकर कर्मचारियों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 34आईपीसी के तहत मामला दर्ज करते हुए मामले को विवेचना में ले लिया है। लेकिन इस घटना के बाद कंपनी के कर्मचारी काफी भयभीत नजर आ रहे हैं। उसकी सबसे बड़ी वजह यह बताई जाती है कि रेत माफिया खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। कहीं न कहीं घटना को जिस तरीके से अंजाम दिए हैं। आगे भी दे सकते हैं।

### माफिया राजनीति का दिखाते हैं धौंस

जिले में रेत की खदानों में रेत के अवैध माफिया की नजर रहती है। आए दिन हो रही घटना इसका सबूत है। माफिया की गुंडागर्दी की घटनाएं या फिर अवैध रेत के कारोबार में किसी की मौत हो जाती है उस समय कुछ दिनों के लिए अवैध उत्खनन पर रोक लगा लगा दी जाती है लेकिन अब फिर से दिनदहाड़े रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। चर्चा है कि इन रेत माफिया पर सत्ता दल के नेताओं का संरक्षण रहता है इसीलिए पुलिस भी सबको मैनेज करने के लिए खुद भी मैनेज हो जाती है और रेत का खनन वेदस्तूर जारी रहता है। जिले में रेत के अवैध कारोबार में खाकी और खादी दोनों बदनाम?

# बैगा परिवारो के उत्थान के लिए जारी कार्यो में प्रगति लाये : कलेक्टर



**सिंगरौली।** बैगा जान जाति के जिले में निवास रत परिवारो के उत्थान के लिए जारी कार्यो में गति लाये उक्त आशय के निर्देश कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा विभागीय अधिकारियो को दिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में निवास रत बैगा परिवारो के सर्वंगीण विकास के लिए आधार से समंग्र तक जारूरी दस्तावेज उपलब्ध कराये। कलेक्टर ने सभी बैगा परिवारो के समावेशी विकास के लिए सुगम बैकिंक सुविधा मुहैया कराने के लिए लीड बैंक प्रबंधक को निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा बैगा परिवार के हर सदस्य जिनकी उम्र 5 वर्ष 45 तक है उनका जाति प्रमाण पत्र बनवाये ताकि विद्यालयो में प्रवेश, छात्रवृत्ति तथा कैरियर बिल्डिंग में लाभ मिल सके।कलेक्टर ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जायेगा बैगा परिवारो की 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़े ताकि वे अर्थिक रूप से आत्म निर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि बैगा परिवार की बसाहटो में विद्युत, पेयजल, सड़क सामुदायिक भवन आदि की व्यवस्था कराये। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम में विद्युत की व्यवस्था नही है उन गावो में वैकल्पिक रूप से सोलर पैनल एवं बायोगैस के माध्यम से प्रकाश की व्यवस्था कराये। कलेक्टर ने कहा कि क्षेत्र में आगनवाड़ी केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण के साथ ही आगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी आपस में समन्वय से शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड उपलंब्ध कराने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने कहा कि जिन बसाहटो में बैगा परिवारो की जन सख्या 100 से अधिक है उन्हे चिन्हत कर बंधन केन्द्र बनाये ताकि इनके माध्यम से बैगा परिवार अपने वनोपज का समंग्र विपणन एवं बिक्रय कर सके। कलेक्टर ने कहा कि क्षेत्र में नेटवर्क बूस्टरर्स के माध्यम से दूरसंचार व्यवस्था को मजबूत बनाने के उपाय करे।

# सीएम हेल्पलाइन के केस निपटारण में नगर निगम सिंगरौली पहले पायदान पर

## कलेक्टर ने दी निगम आयुक्त को बधाई

**सिंगरौली**

टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन केस के निपटरण की समीक्षा की गई । सभी नगर निगम में सीएम हेल्पलाइन के केस निपटारण में सिंगरौली नगर निगम ए ग्रेड के साथ पहले पायदान पर रहा । सीएम हेल्पलाइन के केस निपटारण में प्रथम पायदान पर रहने के कारण और समस्याओं के तुरंत समाधान के लिए कलेक्टर द्वारा नगर निगम आयुक्त की इस



उपलब्धि पर ताली बजाकर निगम आयुक्त को बधाई दी । इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा नगर निगम आयुक्त को प्रशंसा पत्र देने की भी बात कही। कलेक्टर ने आगे कहा मेरी आशा है कि आगामी माह में भी नगर निगम द्वारा शिकायतो का निरारणक कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करेगा। जिला प्रशासन एवं निगम का उद्देश्य है की नगर के लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो । इसके साथ जो नगर वासियों को मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए वो आसानी से सभी नगर वासियों को मिल सके।

# ओबी कंपनी के शिफ्ट बस में सिक्योरिटी गार्ड का मिला शव

## कोतवाली बिलौंजी का मामला, जांच में जुटी पुलिस, शरीर में मिले चोट के निशान, पुलिस ने बस को लिया कब्जे में

**सिंगरौली।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिलौंजी में एनसीएल में कार्यरत ओबी कंपनी के प्राइवेट शिफ्ट बस से युवक का शव मिला है। सूचना पर पुलिस और परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। युवक के शव को देखकर परिजन के लोगों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जहां मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही प्राइवेट बस को भी कब्जे में लेते हुए कोतवाली में खड़ा कर लिया है।



मिली जानकारी के अनुसार रविवार को बिलौंजी स्थित शिफ्ट बस खड़ी थी। जिसमें निजी ओबी कंपनी में कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड का शव संदिग्ध अवस्था में मिला है। युवक की पहचान वीरेश सिंह पिता अजय सिंह उर्फ रघुवर सिंह उम्र 38 वर्ष निवासी रमप्पा थाना माड़ा के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि वीरेश सिंह ओबी कंपनी में काम करते थे और रात को घर आ जाते थे। लेकिन कल वह घर नही आये। आज पता चला की बस में उनकी मौत हो गई है। उनके शरीर में चोट के निशान है। इस दौरान परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वीरेश सिंह की मृत्यु के बाद उनकी तीन बेटियां और एक बेटा अनाथ हो गए हैं। एक स्थानीय मिस्त्री ने बताया कि आज सुबह बस का गेट खुला हुआ था। देखा तो वीरेश सिंह पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने कोतवाली पुलिस को दी। वही मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी सुधेश तिवारी ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। वही शिफ्ट बस को सुरक्षा और जांच की दृष्टिकोण से कोतवाली में खड़ा कराया गया है।

### पिता के मौत के बाद चार बच्चे हुए अनाथ

वीरेश सिंह की निधन के बाद अब चार बच्चे अनाथ हो गए। बच्चों के सर से पिता का साया छिन गया। चारों बच्चों के लालन-पालन की जिम्मेदारी पिता पर ही थी। अब बच्चों के शिक्षा-दीक्षा सहित अन्य जिम्मेदारी मां पर हो गई है। अब समस्या है कि चारों बच्चों की देखभाल सही तरीके से कौन करेगा। जन चर्चा हैं कि परिवार में अन्य सदस्य है। जिससे बच्चों को बुनियादी सुविधाएं मिल जाएगी।

# जल निकासी की व्यवस्था नही होने से सड़क पर बहता है गंदा पानी

**सिंगरौली।** नगर पालिका निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 42 बिलौंजी तेलियान के लोग नगर निगम की अजीबोगरीब कार्य प्रणाली से परेशान है। क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया कि आचार्य संहिता में नाली निर्माण का कार्य हुआ। निगम द्वारा पक्की नालियां तो बनाई गई लेकिन पानी निकासी की ठोस व्यवस्था नही की गई है। नालियों के टूटने से पानी का जमाव गया है। इससे पानी निकल नही रहा है और सड़क पर ही जमा हो रहा है। गौरतलब है कि बिलौंजी तेलियान स्थिति डिग्री कॉलेज चौराहे की सड़क किनारे बनी नालियों में निकासी व्यवस्था नही होने से गंदा पानी जमा रहता है। पानी की निकासी नही होने से कॉलेज के छात्र-छात्राओं, दुकानदारों, किराएदारों सहित राहगीरों को लगातार परेशानी हो रही है। इस बारे में स्थानीय लोगों की तरफ से कई बार शिकायत भी की गई है। लेकिन कोई कार्रवाई नही हो रही है। स्थानीय



लोगों ने बताया कि इस सड़क पर कई जगह सड़क के साथ बने निकासी नालियों की सफाई नही की गई है। जिससे यहां बारिश के समय भी जल भराव हो जाता है। जहां कई दिनों तक लोगों को परेशान करता है। नालियों की सफाई नही होने से मच्छर पनप रहे हैं। हालांकि गर्मी के चलते सड़क पर पानी आते ही सुख जा रहा है। नही तो बरसात के दिनों में 24 घंटे सड़क पर पानी बहता रहता है। निकासी की व्यवस्था नही होने से सड़क किनारे ही गंदा पानी जमा रहता है।

### निरीक्षण के बावजूद जिम्मेदार बने मूकदर्शक

स्थानीय लोगों की माने तो कुछ दिनों पहले नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने यहां आकर खुद ही सारी समस्याएँ देखी थी। वही पक्की नालियों को बड़े नाले से जोडने् का आश्वासन देने के बावजूद आज तक ऐसा नही हुआ और समस्या जस की तस बनी हुई। अधिकारी और नेता अपनी जिम्मेदारियों को भूल गए हैं और मूक दर्शक बन गए हैं।

# कोतवाली पुलिस ने पशुओं की तस्करी करते वाहन को पकड़ा

**सिंगरौली।** रविवार सुबह सिंगरौली जिले के कोतवाली प्रभारी सुदेश तिवारी को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ या उत्तरप्रदेश के रास्ते प्रदेश में पशुओं की तस्करी का पता चलते ही आज सुबह पुलिस ने पशुओं से भरे वाहन को जप्त किया है। हालांकि पुलिस को पीछा करते देख वाहन चालक वाहन छोड़ फरार हो गया।ल, जिसकी तलाश जारी है।

जानकारी अनुसार देर रात कोतवाली पुलिस को सूचना हाथ लगी थी कि छत्तीसगढ़ या यू पी मार्ग के रास्ते पशुओं की तस्करी की जा रही है। मुखबिर की सटीक सूचना पर सिंगरौली पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन पर कोतवाली प्रभारी ने टीम गठित कर सभी मार्गों की निगरानी शुरू की। वहीं बैढ़न क्षेत्र से जा रहे आयशर कंपनी के ट्रक क्रमांक स्क्क 66त्न 1778 का पीछा किया। इस वाहन में पशुओं को कोतवाली के रास्ते सीधी की ओर ले जाया जा रहा था। कोतवाली पुलिस की टीम, डायल 100 और जियावन पुलिस ने नाकेबंदी कर जियावान थाना क्षेत्र में पशुओं से लदी ट्रक को जप्त कर किया, वहीं पुलिस को आता देख वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ट्रक के नंबर से वाहन मालिक और पशुओं को ले जाने की जगह की जांच कर रही है। पुलिस को वाहन से 21 नाग भैंस बरामद हुए हैं।

# पृथ्वी को सुरक्षित रखना है तो प्लास्टिक का उपयोग छोड़ना पड़ेगा: सिंह




**सिंगरौली।** हिण्डालको रेनूसागर पावर डिवीजन प्लांट के मुख्य द्वार पर विश्व पृथ्वी दिवस उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रेनूसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आर पी सिंह ने उपस्थित सभी को विश्व पृथ्वी दिवस उत्सव की शुभकामनाये देते हुए कहा कि पृथ्वी सिर्फ मनुष्यों का ही नही बल्कि करोड़ो जीव-जंतुओं और वनस्पतियों का भी घर है। पेड़-पौधे पर्यावरण संतुलन के सबसे बड़े श्रोत हैं। वे ही जलवायु व मौसम को ठीक रखते हैं। वन्य जीवन को संरक्षण देते हैं। बाढ़ व भू-आपदा को नियंत्रित करते हैं। भूकंप आने से रोकते हैं। हमें ऑक्सीजन, औषधि और भी बहुत कुछ देते हैं। यदि पृथ्वी को सुरक्षित रखना है तो प्लास्टिक का उपयोग हमें पूर्णतया छोडना् ही होगा तथा ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण कर पृथ्वी को हरा-भरा बनाना होगा। तभी हमारी पृथ्वी सुरक्षित रहेगी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों द्वारा रेनूसागर को प्लास्टिक विहीन रखने की शपथ ली गई। विश्व पृथ्वी दिवस उत्सव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मन्नू अरोरा, मनीष सिंह, मृदुल भारतद्वाज, प्रणव सोनी, ललित खुराना, अन्य समेत मौजूद रहे।

# सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतो का तत्परता से करे निराकरण : कलेक्टर

## अनुपयोगी और खुले बोरवेलों को मजबूत लोहे के ढक्कनों से बंद कराये : चन्द्रशेखर शुक्ला

**सिंगरौली।** सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतो का विभागीय अधिकारी तत्परता के साथ निराकरण करे ताकि शिकायतकर्ताओ को होने वाली समस्या का समाधान किया जा सके। तथा जिले में अनुपयोगी और खुले बोरवेलों को मजबूत लोहे के ढक्कनों से बंदर कराये ताकि इन बोरवेलो से होनी वाली आकस्मिक दुर्घटनो को शून्य किया जा सके। उक्त आशय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा संबंधित उपखण्ड अधिकारियो को दिया गया। कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतो की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर शिकायतो का निराकरण किया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियो के द्वारा तय समय सीमा में शिकायतो का निराकरण संतुष्टि पूर्वक नही किया गया संबंधित अधिकारी कि विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।उन्होने सभी उपखण्ड अधिकारियो को निर्देश दिये कि सीएम हेल्प लाईन मे राजस्व से संबंधित दर्ज शिकायतो का निराकरण अपने अमले से समय पर कराना सुनिश्चित करे। कलेक्टर द्वारा मार्च माह मे प्रदेश स्तर से जारी सीएम हेल्प लाईन रैकिंग में नगर निगम सिंगरौली को पहला स्थान प्राप्त करने पर नगर निगम आयुक्त को बधाई दी गई। उन्होंने कहा कि आगामी माहो में निगम द्वारा सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतो का निराकरण कर पहला स्थान प्राप्त करेगा। कलेक्टर ने जिले के खुले अनुपयोगी बोरवेलो की समीक्षा करते हुये समस्त उपखण्ड



अधिकारियो को निर्देश दिये कि खुले बोरवेलों को मजबूत लोहे के ढक्कनों से बंद करने के कराये। उन्होंने ने सभी एसडीएम, सीएमओ, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उप संचालक कृषि तथा तहसीलदारों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि अपने कार्यक्षेत्र के अनुपयोगी बोरवेल, कुंओं तथा अन्य खतरनाक जल स्त्रोतों को मजबूत ढक्कन से बंद कराकर निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बोरवेल के खुले रहने, उसकी क्रेसिंग पाइप निकाल लेने अथवा पानी न रहने पर उसे खुला छोड़ देने पर इनसे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसे रोकने के लिए इन्हें बंद करने के तत्काल उपाय कराएं। कलेक्टर ने कहा है कि विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल के लिए बड़ी संख्या में बोरवेल बनाए गए हैं। इनमें से जो बोरवेल अनुपयोगी हो गए हैं उनकी सूची बनाकर उन्हें मजबूती से बंद करने के उपाय करें। निजी भूमि स्वामियों द्वारा भी यदि बोरवेल, कुंआ अथवा अन्य जल स्त्रोत अनुपयोगी मानकर खुले छोड़ दिए गए हैं तो उनकी भी सूची बनाकर उन्हे लोहे के कैप से बंद कराने अथवा पाटने की कार्यवाही कराएं। जो कुंएं बिना जगत के हैं उनमें भी दुर्घटना की आशंका रहती है। ऐसे कुंओं को जाली लगाकर बंद कराएं। समस्त कार्यवाही सुनिश्चित कर उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतें प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कलेक्टर ने पेयजल व्यवस्था ग्राम पंचायतो में नियमिति पेयजल व्यवस्था को सुनिश्चत करने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देश दिये कि ग्राम पंचायतो मे उचित माध्यम जैसे ट्यबबेल, हैन्डपम्प नल जल योजना द्वारा पेयजल की उपलंब्ध कराया जाये। उन्होंने कहा हैन्डपंम्प खराब होने पर उनका सुधार कराये तथा उचित व्यवस्था न होने पर क्षेत्र में वाटर टैक के माध्यम से पेयजल मुहैया कराया जाये। कलेक्टर ने कहा कि जिले खेल प्रतिभाओं को आगे बड़ाने के लिए जिले मे खेल मैदान होना आवश्य है।

उन्होने कहा कि जिले मे एक सर्वसुविधायुक्त स्पोर्ट स्टेडियम का निर्माण कराया जाये जिसमे इनडोर तथा आउटडोर खेलो का आयोजन कराया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बड़ने में मदद मिलेगी।बैठक के दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर अरविंद झा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सिंगरौली सृजन बर्मा, एसडीएम माड़ा राजेश शुक्ला, आयुक्त नगर निगम डी.के शर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की,नंदन तिवारी सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्ट्रांग रुम का किया निरीक्षण



**सीधी।** कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा ने स्ट्रांग रुम स्थल पहुंचकर निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। स्ट्रांग रुम परिसर की सुरक्षा संभाल रहे जवानों को सजगता के साथ स्ट्रांग रुम की निगरानी बनाये रखने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही भी उपस्थित रहे।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मतदान 19 अप्रैल को संपन्न हो चुका है। सीधी जिले की सभी चारों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रो में मतदान पश्चात शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी में ईवीएम और वीवीपैट को विधानसभावार स्ट्रांग रूम में रखा गया है।

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार रिटर्निंग ऑफिसर के निर्देशन में शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी में स्थापित ईवीएम/वीवीपैट के स्ट्रांग रूम का प्रतिदिन सुबह एवं शाम अनिवार्य रूप से निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री सोमवंशी ने स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के लिए राजपत्रित अधिकारियों तथा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। स्ट्रांग रूम की लॉगबुक, नियुक्त सुरक्षा का ड्यूटी रजिस्टर संधारित किया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी सतत निगरानी की जा रही है। इसकी प्रतिदिन की जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश को उपलब्ध कराई जा रही है।

# विशिष्ट आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल को

## सीधी जिले में 09 परीक्षा केंद्रों में होगी परीक्षा

**सीधी**

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने जानकारी देकर बताया है कि आयुक्त जनजातीय कार्य सहसचिव म.प्र. स्पेशल एण्ड रेसिडेंन्सियल सोसायटी भोपाल का दिनांक 08.04.2024 द्वारा विशिष्ट आवासीय विद्यालयों (एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर एवं आदर्श आवासीय विद्यालय) में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए परीक्षा दिनांक 28.04.2024 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। फलत: सीधी जिले मे 09 परीक्षा केंद्र क्रमश: शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. सीधी, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. कुसमी, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. मझौली, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. सिहावल, शा. आदर्श उ.मा.वि. चुरहट, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय टंसार, शा. कन्या उ.मा.वि. कुसमी, शा. उ.मा.वि. पोडी एवं शा. उ.मा.वि. भुइमाड बनाया गया है । जिले से कुल 816 छात्रध्छात्राओ ने प्रवेश परीक्षा के लिये आवेदन किया है, जिनका सम्पूर्ण विवरण केन्द्राध्यक्षो को दे दिया गया है।

परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र किसी भी कियोस्क सेंटर/कम्प्यूटर से एमपीटासपोर्टल के माध्यम से निकाल सकते है, यदि किसी परीक्षार्थी को आवेदन क्रमांक मालूम न हो या प्रवेश पत्र निकाल ने मे असुविधा हो रही हो तो कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सीधी से सम्पर्क कर अपना अनुक्रंमाक/आवेदन क्रमांक पता कर सकते है।

उन्होंने समस्त छात्र/छात्राएं जो इस परीक्षा मे सम्मिलित होने के लिये आवेदन किये है उन्हें सूचित किया है कि दिनांक 28.04.2024 को प्रात: 11 बजे से 01 बजे तक आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा मे आवंटित परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र एवं 02 बाल प्वाइंट पेन लेकर नियत समय एवं स्थान पर उपस्थित होवे ।

# लू से बचाव व उपचार के बारे में सीएमएचओ ने दी जानकारी



**सीधी**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई.जे. गुप्ता ने बताया कि अत्यधिक गर्मियों में लू (तापघात) की संभावना बढ़ जाती है यह जानलेवा भी हो सकती है। उन्होंने सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्र के समस्त क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के माध्यम से आमजन को लू से बचने व उपचार के बारे में जानकारी दें।

## लू से बचाव

गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले कपड़ो का प्रयोग करें, बिना भोजन किये बाहर न निकले, भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकलें। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग, कान व सिर को गमछें या तौलिये से ढंककर ही धूप में निकले, रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पियें एवं पेय पदार्थो का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें। जहॉ तक संभव हो ज्यादा तक धूप में खड़े होकर व्यायाम मेहनतध्अन्य कार्य न करें। बहुत अधिक भीड़, गर्म कमरो, रेल बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम में अत्यावश्यक होने पर ही करें।

## लू में प्राथमिक उपचार

रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लिटा दें एवं हवा करें। रोगी को होश में आने की दशा में उसे ठण्डे पेय पदार्थ जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का पना आदि दे। प्याज का रस अथवा जौ के आटे को भी ताप नियंत्रण हेतु मला जा सकता है। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिए यदि संभव हो तो उसे ठण्डे पानी से स्नान करायें, या उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियां को रखकर पूरे शरीर को ढंक दे। इस प्रक्रिया को जब तक दोहराये जब तक की शरीर का ताप कम नही हो जाता है। उपचार से यदि मरीज ठीक नही होता है तो उसे तत्काल निकट की चिकित्सा संस्था में रेफर किया जावे अथवा जिला चिकित्सालय में उपचार कराये।

# भगवान श्री राम की छठी एवं हनुमान जन्मोत्सव आज

**सीधी।** श्री श्री 1008 श्री स्वामी ब्रह्मलीन गोपाल दास जी महाराज के अध्यात्म रामायण मंदिर परिसर में सार्वजनिक तौर से श्रद्धालुओं एवं भक्तों के द्वारा भगवान श्री राम की छठी एवं हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। शहर के हृदय में धार्मिक स्थल 108 वर्षीय श्री राम नाम संकीर्तन का गुंजायमान है वहीं दक्षिण मुखी श्रीहनुमान का 23 अप्रैल को जन्मोत्सव, भगवान श्रीरामचंद्र जी की छठी मनाया जाना है। इस संदर्भ मे अध्यात्म रामायण



मंदिर पुजारी संत श्री शत्रुघ्न दास जी महाराज के मार्गदर्शन में श्री हनुमान जी का जन्म श्रृंगार, महा आरती प्रभु को महा भोग एवं प्रसाद वही अध्यात्म रामायण मंदिर में भगवान श्री राम की छठी का कार्यक्रम आदि के पश्चात दोपहर से



बृहद भंडारा प्रारंभ होगा संत जी ने बताया की जावा विश्व का एक ऐसा देश है जहां रामचंद्र को राष्ट्रीय पुरुषोत्तम के रूप में सम्मानित किया गया है। वहां की सबसे बड़ी नदी का नाम सरयू है। तथा वहां आज भी कठपुतलियों का नाच रामायण के प्रसंग से होता है। इस प्रकार दुनिया के विभिन्न देशों में भगवान राम की महिमा, मंदिर संस्कृति का विस्तार न सिर्फ भारत के लिए गौरवपूर्ण है, बल्कि सनातन संस्कृति के संवाहक चरित्र के रूप में पूरी दुनिया को अपने आलोक से प्रकाशित कर रहे हैं। मूल रूप से श्री राम का चरित्र एक विशिष्ठ चरित्र, एक मर्यादित चरित्र के साथ भारत के लोक चरित्र के स्वरूप में परिवर्तित हो जाते हैं। हनुमान चालीसा में लिखा है हनुमान अष्ट सिद्ध और नव निधि के दाता हैं जिस व्यक्ति को यह सिद्धियां मिल जाती है वह धन्य हो जाता है। श्री राम भक्त, वानर राज, वीर हनुमान जी के जन्म महा महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। श्री हनुमंत शक्ति और ऊर्जा के प्रतीक हैं, वह जादुई शक्तियों, भूत, प्रेत एवं बुरी आत्माओं पर विजय प्राप्त करने वाले देव के रूप में पूजे जाते हैं। शहर के समस्त श्रद्धालु भक्तों द्वारा अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में सपरिवार पहुंचकर उक्त कार्यक्रम को सफल बनाएं पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# मंत्री मध्य प्रदेश शासन दिलीप जायसवाल का सीधी आगमन आज

**सीधी**

मध्य प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल जी कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग का अल्प प्रवास आज दिनाँक -23.04.2024, दिन - मंगलवार को सीधी शहर में स्थित इंद्रराज पैलेस में हो रहा है जहां पर वे समाज के जिला अध्यक्ष शिवलाल जायसवाल (बबलू) के भतीजे के तिलकोत्सव एवं विवाह समारोह में शामिल होंगे।

माननीय मंत्री मध्य प्रदेश शासन दिलीप जायसवाल आज रीवा से सुबह - 8:00 बजे चलकर सुबह 9:30 बजे चाकघाट पहुंचेंगे जहां पर 1 घंटे की मीटिंग के



पश्चात सुबह 10:30 बजे चाकघाट से चलकर मऊगंज जिले के बहुती जलप्रपात में दोपहर 11:00 बजे पहुंचेंगे वहां वहां पर 1 घंटे की मीटिंग सरस्वती शिशु ज्ञान मंदिर बहुती जलप्रपात में करने के बाद दोपहर 12:00 बजे वहां से चलकर दोपहर 2:00 बजे इंद्रराज पैलेस सीधी पहुंचेंगे यहां पर जायसवाल समाज सीधी के जिला अध्यक्ष श्री शिवलाल जायसवाल (बबलू) के भतीजे के तिलकोत्सव एवं वैवाहिक समारोह में एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमो में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात शायं - 3.30 बजे कोतमा जिला अनूपपुर के लिए सीधी से प्रस्थान कर जाएंगे। इस आशय की सूचना समाज के राष्ट्रीय महामंत्री राकेश कुमार जायसवाल जी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

# 24 अप्रैल को शाम 6 बजे थम जायेगा चुनावी प्रचार

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र खजुराहो के लिए 26 अप्रैल 2024 को मतदान कराया जाएगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के अंतर्गत मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घण्टे पूर्व से सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबंध रहेगा। यह अवधि 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से प्रारंभ होकर 26 अप्रैल को शाम 6 बजे समाप्त होगी। इस अवधि में कोई भी व्यक्ति मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए कोई भी सार्वजनिक सभा या जूलूस आयोजित नहीं करेगा।

# ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभा यात्रा



**पन्ना।** भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर आज भगवान महावीर स्वामी के संदेश जियो और जीने दो देश के साथ भव्य शोभा यात्रा पारसनाथ दिगंबर जैन छोटा मंदिर से प्रारंभ होकर लालू चौराहा छोटी बस स्टैंड बड़े बस स्टैंड होते हुए बाजार प्रांगण से चंदा प्रभु दिगंबर जैन बड़े मंदिर में भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर भगवान महावीर स्वामी का जन्म अभिषेक जलधारा शांति धारा पूजन आरती भक्ति भाव के साथ की गई किसने प्रथम कलश का सौभाग्य प्राप्त किया अशोक जैन द्वितीय कलश का सौभाग्य प्राप्त किया नेम चंद्र जैन तृतीय कलश का सौभाग्य प्राप्त किया विमल कुमार जैन चौथी कलश का सौभाग्य प्राप्त किया सुनील कुमार जैन ऋषभ कुमार जैन एवं शांति धारा में प्रथम कलश का सौभाग्य प्राप्त किया नेमचंद जैन द्वितीय कलश का सौभाग्य प्राप्त कर सुखमलचंद जैन भगवान महावीर स्वामी की सर पर शांति धारा की गई। उपस्थिति रही सकल दिगंबर जैन समाज एवं थाना बृजपुर से भी उपस्थित रहे लोग।

# मारपीट के आरोपियों को न्यायालय ने सुनाई सजा

**सीधी।** बताया गया कि दिनांक 05.05.2017 को सुबह के लगभग 6 बजे फरियादी शारदा प्रसाद द्विवेदी निवासी ग्राम मटपुरिया थाना बहरी जिला सीधी (म.प्र.) अपने घर के सामने भैर चरा रहा था। तभी उसके घर के सामने से अभियुक्त बृहस्पति द्विवेदी, नारायण द्विवेदी एवं छोटे उर्फ मनोज द्विवेदी गाडी से अपने होटल जा रहे थे, जिन्हेंर रोककर फरियादी ने कहा कि लगभग 1 वर्ष पहले जो उसने 1600/- रूपये दिया था वो रूपये अब उसे लौटा दो तो इसी बात से नाराज होकर छोटे उर्फ मनोज द्विवेदी हाथ मुक्को से मारपीट करने लगा। जब वह अपने बचाव करने लगा तो बृहस्पति द्विवेदी एवं नारायण द्विवेदी भी आकर उसके साथ मारपीट करने लगे, फिर वह बचकर अपने घर की तरफ भाग गया। लेकिन तीनो लोग उसका पीछा करते हुए फरियादी के घर में घुस गये और घर में भी मारपीट किये। उक्त घटना की रिपोर्ट पर थाना बहरी में अभियुक्तगण के विरूद्ध अपराध क्रमांक 207/17 अंतर्गत धारा 323, विकल्प में 323/34 भा.दं.सं. के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं विवेचना के पश्चाटत् अभियोग पत्र तैयार कर माननीय न्या्यालय के समक्ष प्रस्तुपत किया गया, जहां आपराधिक प्रकरण क्र. 600/2017 में शासन की ओर से शसक्तम पैरवी करते हुए सहायक जिला अभियोजन अधिकारी कु. सीनू वर्मा द्वारा अभियुक्तागण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वारूप माननीय न्या.यिक मजिस्ट्रेरट प्रथम श्रेणी सीधी द्वारा अभियुक्ततगण 1. छोटे उर्फ मनोज द्विवेदी पिता गुलाब प्रसाद द्विवेदी उम्र-30 वर्ष, 2. बृहस्पति कुमार पिता गुलाब प्रसाद द्विवेदी उम्र-42 वर्ष, 3. नारायण कुमार पिता गुलाब प्रसाद द्विवेदी उम्र-33 वर्ष, सभी निवासी ग्राम मटपुरिया थाना बहरी जिला सीधी (म.प्र.) को धारा 323 / 34 भादवि के अपराध में प्रत्येनक को न्या,यालय उठने तक का कारावास एवं 1,000/- 1,000/- अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। साथ ही अर्थदण्डं की राशि अदा होने पर 2,000/- रूपये फरियादी को अपील न होने की दशा में अपील अवधि पश्चा त् प्रतिकर स्वथरूप प्रदान किये जाने का भी आदेश पारित किया गया ।

# हवालात से भागे आरोपी को न्यायालय ने सुनाई सजा

**सीधी।** बताया गया कि फरियादी सृष्टि शुक्ला ने थाना कोतवाली में इस आशय की मौखिक रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि उसकी ड्यूटी सुबह छ: बजे से बारह बजे तक संतरी पहरा में लगाई गई थी। थाने के हवालात में 02 नफर आरोपी कमलेश साकेत व किस्सू उर्फ सूरज साकेत अपराध क्रमांक 459/2021 धारा 457, 380 भा.द.स. में बंद थे। दिनांक 11.05.2021 को समय करीबन 08:45 बजे वह पहरे में बैठी थी, तभी एच.सी.एम.292 बीरेंद्र रावत के द्वारा फिंगर प्रिंट लेने हेतु आरोपियों को हवालात से निकाला गया जो एक आरोपी कमलेश साकेत सीधी का मौके का फायदा उठाकर थाना से फरार हो गया। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली सीधी, जिला सीधी म.प्र. द्वारा अपराध क्रमांक 463/2021 अंतर्गत धारा 224 भा.दं.सं. के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर प्रकरण अन्वेषण में लिया गया। अन्वेषण के दौरान घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया। साक्षियों के कथन उनके बताए अनुसार लेखबद्ध किए गए। अभियुक्त को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पत्रक तैयार किया गया व जुर्म जमानतीय होने से उन्हें मुचलके पर रिहा किया गया। संपूर्ण अन्वेषण उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध धारा 224 भा.दं.सं के दण्डनीय अपराध के अंतर्गत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जिसका न्यायालय द्वारा धारा 190(1)(ख) दं.प्र.सं. के अंतर्गत संज्ञान लिया गया। जहां आपराधिक प्रकरण क्र. 359/2021 में शासन की ओर से शसक्तर पैरवी करते हुए सहायक जिला अभियोजन अधिकारी कु. सीनू वर्मा द्वारा अभियुक्तस को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्ववरूप माननीय न्याभयिक मजिस्ट्रेकट प्रथम श्रेणी सीधी द्वारा अभियुक्तद कमलेश साकेत पिता जमुना साकेत उम्र-19 वर्ष, निवासी ग्राम बटौली, थाना कोतवाली, सीधी (म.प्र.) को धारा 224 भादवि के अपराध में न्या यालय उठने तक का कारावास एवं 2,000/- अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# डबल बेंच ने आरोपी की अपील की खारिच,मामला संविदा शिक्षक भर्ती घोटाले का मास्टर माइंड के प्रकरण का

## हाईकोर्ट के एकल पीठ के निर्णय के विरुद्ध डबल बेंच में हुई थी अपील

**सीधी।** जिले के जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में चर्चित संविदा शिक्षक भर्ती घोटाले के मास्टर माइंड के प्रकरण की अपील हाईकोर्ट जबलपुर के डबल बेंच ने खारिच कर दी है। यह अपील हाईकोर्ट के एकल पीठ के निर्णय के विरुद्ध डबल बेंच में मुख्य आरोपी राकेश पाण्डेय ने की थी। हाईकोर्ट के डबल बेंच में प्रस्तुत अपील याचिका क्रमांक 623/2024 की सुनवाई के पश्चात पारित आदेश में विद्वान न्यायधीशों ने कहा है कि शासन द्वारा संविदा शाला शिक्षक वर्ग-3 की नियुक्ति में जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में विहित प्रक्रिया का पालन न करते हुए भर्ती नियम के विरुद्ध नियुक्ति की गई थी। नियुक्ति हेतु चयन समिति का गठन नहीं किया गया था। अनावेदक गणों की नियुक्ति बिना विज्ञापन निकाले की गई थी। अभिलेख में जानबूझकर कूटरचना कर आदेश दिनांक 3 अप्रैल 2011 द्वारा अनावेदक सतीश कुमार पाण्डेय संविदा शाला शिक्षक वर्ग-3, दीपा पाण्डेय पिता राजेन्द्र पाण्डेय संविदा शाला शिक्षक वर्ग-3 एवं आदेश दिनांक 15 अप्रैल 2011 द्वारा राजेश कुमार साहू पिता रामदुलारे साहू संविदा शाला शिक्षक वर्ग-3, विभा शर्मा पुत्री तुलसीदास शर्मा संविदा शाला शिक्षक वर्ग-3 में की गई नियुक्ति अवैध त्रुटिपूर्ण तथा अभिलेखों में कूटरचना कर विहित प्रक्रिया के विपरीत की गई। ऐसे में नियुक्त किए गए चारों संविदा शाला शिक्षक वर्ग-3 की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त कर अनावेदक गणों को नियुक्ति दिनांक से अब तक भुगतान किए गए वेतन-भत्ते मय व्याज राजस्व वसूली की भांति किए जाने के आदेश दिए गए हैं। नियमों के विपरीत अवैध नियुक्ति करने में संलग्न तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामपुर नैकिन, जिला शिक्षा अधिकारी सीधी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जनपद पंचायत रामपुर नैकिन तथा



भर्ती प्रक्रिया में संलग्र अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपनी अधिकारिता से परे जाकर नियुक्ति प्रदान कर शासन को आर्थिक क्षति कारित करने तथा अनावेदक गणों के साथ मिलकर अभिलेखों में हेराफेरी, कूटरचना एवं धोखाधड़ी किए जाने के आरोप में संबंधित पुलिस थाने में एफआईआर कराने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि कलेक्टर जिला सीधी 15 दिवस में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। आदेश के प्रति के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामपुर नैकिन से प्राप्त मूल नस्ती कलेक्टर सीधी को उपरोक्त कार्यवाही हेतु भेजे जाने तथा आदेश के प्रति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामपुर नैकिन को भी भेजने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल रामपुर नैकिन जनपद पंचायत में हुए फर्जी संविदा शिक्षक भर्ती घोटाले का मास्टर माइंड राकेश पाण्डेय रहे हैं। उनके द्वारा ही जनपद उपाध्यक्ष रहने के दौरान फर्जी भर्ती करने की कार्ययोजना तैयार की गई थी। इसमें जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं तत्कालीन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को शामिल किया गया है। उस दौरान उक्त फर्जी भर्ती को अन्य वरिष्ट अधिकारियों से भी अनुमोदन करा लिया गया था।

संविदा शिक्षक भर्ती घोटाले का मास्टरमाइंड राकेश पाण्डेय द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी, प्रभारी सीईओ एवं बीईओ को अपने जाल में फंसाकर उनसे गलत आदेश करा उनकी नौकरी पर ग्रहण बने। ऐसे जाल साज के विरुद्ध थाना रामपुर नैकिन में 4 पुलिस प्रकरण दर्ज है। जिसमें काम के बदले अनाज योजना मद का सैकड़ो क्विंटल शासकीय चावल गबन करने पर तत्कालीन एसडीएम चुरहट ने राकेश पाण्डेय एवं अन्य के विरूद्ध थाना रामपुर नैकिन में अपराध क्रमांक 32/06 धारा 409, 34, सेवा सहकारी समिति भरतपुर से फर्जी दस्तावेज तैयार कर किसान क्रेडिट कार्ड से ऋण प्राप्त करने के मामले में कलेक्टर सीधी के निर्देश पर सहकारिता विभाग के द्वारा थाना रामपुर नैकिन में अपराध क्रमांक 96/2019 की धारा 419, 420, 467, 468, 471 एवं फर्जी खसरा तैयार कर बंधक भूमि पर कूटरचित दस्तावेजो के माध्यम से माध्यांचल बैंक भरतपुर, इलाहाबाद बैंक रामपुर नैकिन से किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ लेने के मामले में सीधी कलेक्टर के निर्देश पर थाना रामपुर नैकिन में अपराध क्रमांक 93/2020 धारा 420, 487, 468, 471 तथा रीवा कमिश्नर के निर्देश पर एसडीएम चुरहट के द्वारा अपराध क्रमांक 437/2019 की धारा 420, 467, 468, 471, 409//34 के तहत थाना रामपुर नैकिन में प्रकरण दर्ज कराया गया था। इतना ही नहीं आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के मामले में लोकायुक्त रीवा ने अपराध क्रमांक 133/2020 के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि जालसाज अपराधी राकेश पाण्डेय के विरुद्ध शासकीय राशि का गबन करने, फर्जी दस्तावेज तैयार कर शासन की राशि हड़पने आदि के मामले एसडीएम, कलेक्टर, कमिश्नर द्वारा दर्ज कराया गया था। इतना ही नहीं जालसाज अपराधी राकेश पाण्डेय की पत्नी की फर्जी शिक्षा कर्मी नियुक्त एवं फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र की जांच भी चल रही है। उसने अपने बच्चों व भाई का भी फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र तैयार करा लिया है।

## संपादकीय

# इलेक्टोरल बांड पर आमादा सरकार

लगता है सुप्रीम कोर्ट द्वारा मोदी सरकार की विवादास्पद इलेक्टोरल बांड योजना को खारिज किए जाने के बाद केन्द्र इस योजना को नए सिरे से लागू करने पर आमादा है। वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पचा नहीं पा रही है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा कि हम सत्ता में आए तो इलेक्टोरल बांड योजना नए सिरे से लेकर आएंगे। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज की गई चुनावी बॉन्ड योजना चुनावी चंदे में पारदर्शिता लेकर आई थी, इसमें कुछ सुधार की ज़रूरत है, सभी हितधारकों से परामर्श के बाद इसे किसी और रूप में वापस लाया जा सकता है। केन्द्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति 2024 के चुनावों के लिए बहुत उपयुक्त है, उन्होंने महंगाई को नियंत्रण में रखने का श्रेय भी लिया। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले की समीक्षा की मांग की जाए या नहीं। इलेक्टोरल बांड योजना के बचाव में सीतारमन ने कहा कि जिस वर्तमान योजना को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया, वह पारदर्शिता लेकर आई थी। पहले सबको खुली छूट थी। उल्लेखनीय है कि इलेक्टोरल बांड योजना 2018 में लाई गई थी। इसके तहत चुनावी बॉन्ड भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा से खरीदे जा सकते थे। इस योजना के तहत कॉरपोरेट और यहां तक कि विदेशी संस्थाओं द्वारा भारतीय सहायक कंपनियों के माध्यम से दिए गए चंदे पर 100 प्रतिशत कर छूट भी मिलती थी, जबकि चंदादाताओं की पहचान बैंक और बॉन्ड प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों द्वारा गोपनीय रखी जाती थी। लेकिन विगत 15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने इस योजना को 'असंवैधानिक' बताते हुए खारिज कर दिया था, क्योंकि इसमें राजनीतिक दलों को दिए गए चंदे को पूरी तरह से गुप्त रखा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड को अज्ञात रखना सूचना के अधिकार और अनुच्छेद 19 (1) (ए) का उल्लंघन है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों को आर्थिक मदद से उसके बदले में कुछ और प्रबंध करने की व्यवस्था को बढ़ावा मिल सकता है। उन्होंने यह भी कहा था कि काले धन पर काबू पाने का एकमात्र तरीक़ा इलेक्टोरल बॉन्ड नहीं हो सकता। इसके और भी कई विकल्प हैं। यह महत्वपूर्ण फैसला मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पाँच जजों की बेंच ने सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट के इस फ़ैसले की तारीफ करते हुए जाने माने वकील प्रशांत भूषण ने कहा था कि इस फ़ैसले से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मज़बूती मिलेगी। इस पूरी योजना को लेकर शक इस आधार पर पैदा हुआ कि इलेक्टोरल बांड के तहत सबसे ज्यादा चुनावी चंदा भाजपा को मिला था। यह भी सामने आया कि चंदा देने वाली ज्यादातर कंपनियां वो थीं, जो आर्थिक घोटालों में शामिल थीं या फिर जिनके खिलाफ जांच चल रही थी। कुछ मामलों में धमकी या चेतावनी देकर भी चंदा वसूला गया तो कई बांड कंपनियों ने शैल कंपनियों के नाम से खरीदे। इन सब बातों की जानकारी सरकार को तो थी, लेकिन बाकी लोगों के लिए गोपनीय मामला था। कुल मिलाकर यह काले धन को सफेद बनाने के धंधे में बदल गया था। हालांकि प्रधानमंत्री अभी भी यही दलील दे रहे हैं कि इलेक्टोरल बांड योजना वास्तव में काले धन के चुनाव में इस्तेमाल को रोकने के लिए ही हुई थी। बेशक सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मोदी सरकार को झटका जरूर लगा है, लेकिन वो अब नई बांड योजना लाने की फिराक में है। योजना कोई भी हो, पारदर्शी होना उसकी पहली शर्त है।

# ताकि वकील बनने के लिए भी लालायित हों योग्य युवा

**आज अगर सभी क्षेत्रों में गिरावट या कमी दिख रही है, तो इसकी एक बुनियादी वजह कमजोर विधि शिक्षा भी है। बार काउंसिल के नए प्रयास अगर साकार होते हैं, तो असर देश में सभी क्षेत्रों पर पड़ेगा। आज कोई भी शहर देख लीजिए, वकीलों की दयनीय स्थिति कई बार मजाक का विषय बन जाती है। विधि शिक्षा के महत्व को आज उच्च प्राथमिकता देने की जरूरत है। इसे हम अपने गणतंत्र, संसदीय व्यवस्था, संविधानवाद, नागरिकों के मूलभूत अधिकार, स्वाधीनता, बालिग मताधिकार और सब प्रकार के भेदभाव पर सांविधानिक निषेध से जोड़कर देख सकते हैं। जरा सोचिए, उपरोक्त व्यवस्थाओं को निर्मित करने वाले हमारे राष्ट्र निर्माता कौन थे और वे किस पेशे से जुड़े थे और कौन-सी शिक्षा उन्होंने ग्रहण की थी?**

(हरिवंश चतुर्वेदी, शिक्षाविद, पूर्व निदेशक,बिमटेक)

विधि शिक्षा की नीति निर्धारण करने वाली सर्वोच्च संस्था, 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' ने सभी राज्य सरकारों और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखकर विधि शिक्षा के अंधाधुंध विस्तार पर गहरी चिंता व्यक्त की है। बार काउंसिल ने विधि शिक्षा के अत्यधिक विस्तार पर अंकुश लगाने के अनुरोध की ओर सबका ध्यान आकर्षित किया है। ध्यान रहे, विगत कुछ वर्षों में राज्य सरकारों ने 300 नए विधि महाविद्यालय खोलने की अनुमति दी है।

विधि शिक्षा हमारे देश की पूरी व्यवस्था की रीढ़ की तरह है। फिलहाल विधि महाविद्यालयों की संख्या 1,800 से अधिक है, जिनमें करीब 1,200 कॉलेज निजी क्षेत्र में, 500 से ज्यादा कॉलेज सरकारी क्षेत्र में और लगभग 100 कॉलेज अर्द्ध-सरकारी क्षेत्र में हैं। यूं तो भारत में उच्च शिक्षा में गुणवत्ता की कमी और आधारभूत मानकों की अवहेलना पर राष्ट्रीय स्तर की चर्चा होती रही है, किंतु विधि शिक्षा की गिरावट सभी हदों को तोड़ती रही है।

आज अगर सभी क्षेत्रों में गिरावट या कमी दिख रही है, तो इसकी एक बुनियादी वजह कमजोर विधि शिक्षा भी है। बार काउंसिल के नए प्रयास अगर साकार होते हैं, तो असर देश में सभी क्षेत्रों पर पड़ेगा। आज कोई भी शहर देख लीजिए, वकीलों की दयनीय स्थिति कई बार मजाक का विषय बन जाती है। विधि शिक्षा के महत्व को आज उच्च प्राथमिकता देने की जरूरत है। इसे हम अपने गणतंत्र, संसदीय व्यवस्था, संविधानवाद, नागरिकों के मूलभूत अधिकार, स्वाधीनता, बालिग मताधिकार और सब प्रकार के भेदभाव पर सांविधानिक निषेध से जोड़कर देख सकते हैं। जरा सोचिए, उपरोक्त व्यवस्थाओं को निर्मित करने वाले हमारे राष्ट्र निर्माता कौन थे और वे किस पेशे से जुड़े थे और कौन-सी शिक्षा उन्होंने ग्रहण की थी? महात्मा गांधी जवाहरलाल नेहरू, राजेंद्र प्रसाद, भीमराव आंबेडकर,



सरदार वल्लभ भाई पटेल, मदन मोहन मालवीय, मोतीलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय और सी राजगोपालाचारी जैसे राष्ट्रीय नेताओं ने कानून की बेहतरीन शिक्षा ली थी और वकालत के पेशे से जुड़े थे। क्या आज स्तरहीन कानून की शिक्षा लेकर वकील बनने वाले लोग हमारे सांविधानिक ढांचे की उचित रखवाली और कानून के शासन के व्याख्याता बन सकते हैं? यही कारण है कि यहां बार काउंसिल की चिंताएं समीचीन जान पड़ती हैं। हम 2047 तक एक विकसित भारत का सपना देख रहे हैं। क्या कानूनी शिक्षा की मौजूदा हालत को सुधारे बिना और वकालत के पेशे को सुदृढ़ किए बिना विकसित भारत = 2047 का सपना साकार किया जा सकता है? हमें उन चुनौतियों से रूबरू होना पड़ेगा, जिनका सामना आज कानूनी शिक्षा और वकालत का पेशा कर रहा है।

इंजीनियरिंग में आईआईटी, प्रबंधन में आईआईएम और चिकित्सा में एम्स की तरह विधि शिक्षा में उच्च मानक स्थापित करने के लिए 1990 के दशक में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित करने का निर्णय लिया गया था। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों की संख्या अब 27 हो चुकी है। चूंकि इनकी स्थापना सरकारों द्वारा विधिवत समुचित संसाधनों से की गई, अत= आज ये चमकते सितारे बन चुके हैं। इनके स्नातकों की मांग देश-विदेश में बढ़ती जा रही है। इनकी प्रसिद्धि का एक कारण तीन वर्ष की लॉ डिग्री न देकर पांच वर्षीय एकीकृत डिग्री देना भी रहा है। क्या इन राष्ट्रीय संस्थानों जैसी गुणवत्ता देश के सभी 1,800 विधि संस्थानों में बहाल की जा सकती है?

भारत के इंजीनियर, डॉक्टर और प्रबंधकों की दुनिया भर में मांग है, ठीक ऐसे ही विधि विशेषज्ञों की भी मांग होनी चाहिए। आने वाले समय में विश्व स्तर पर अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए भी गुणवत्ता वाले लाखों वकीलों की जरूरत पड़ेगी। कुछ निजी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों ने जो उल्लेखनीय मानक स्थापित किए हैं, उन पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। अभी हाल ही में जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सोनीपत को क्यूएस रैंकिंग में एशिया के स्तर पर प्रथम स्थान मिला है, जो निस्संदेह सराहनीय है। इससे अन्य संस्थानों को भी प्रेरणा मिलनी चाहिए।

आज डॉक्टर, इंजीनियर, प्रबंधक बनने के लिए प्रतिभाशाली युवाओं के बीच भेड़चाल दिखाई देती है। अगर हम विधि शिक्षा के लिए भी प्रतिभावान युवाओं में आकर्षण पैदा कर सके, तो सबको लाभ होगा। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# आंध्र प्रदेश के चुनावी समर में नायडू ने रेड्डी को ललकारा

**जगन साल 2019 के विधानसभा चुनाव में 175 विधानसभा सीटों में से 151 सीटें जीतकर सत्ता में आए थे। मौजूदा तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने 23 सीटें जीती थीं। पवन कल्याण की जन सेना पार्टी (जेएसपी) ने सिर्फ एक सीट के साथ विधानसभा में अपना कदम रखा था। बाकी पार्टियों जैसे भाजपा, कांग्रेस, भाकपा और माकपा को कोई सीट नहीं मिली थी।**

(वी चंद्रकांत, वरिष्ठ पत्रकार)

आंध्र प्रदेश में इन दिनों कुछ ज्यादा ही राजनीतिक सरगर्मी है, क्योंकि लोकसभा के साथ विधानसभा के लिए भी चुनाव हो रहे हैं। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता और मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने साल 2022 में ही महसूस कर लिया था कि साल 2024 के चुनाव में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

जगन साल 2019 के विधानसभा चुनाव में 175 विधानसभा सीटों में से 151 सीटें जीतकर सत्ता में आए थे। मौजूदा तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने 23 सीटें जीती थीं। पवन कल्याण की जन सेना पार्टी (जेएसपी) ने सिर्फ एक सीट के साथ विधानसभा में अपना कदम रखा था। बाकी पार्टियों जैसे भाजपा, कांग्रेस, भाकपा और माकपा को कोई सीट नहीं मिली थी।

साल 2014 के चुनाव में राज्य के लोगों ने राज्य को मुश्किल हालात से बाहर निकालने के लिए चंद्रबाबू नायडू के अनुभव पर भरोसा किया था। उसके बाद जगन ने समय रहते नायडू की नाकामियों के खिलाफ लोगों में बढ़ते गुस्से को महसूस किया और अपने तमाम चुनावी वादों को सिर्फ एक नारे- 'एक मौका' में समेट दिया। 'वन चांस' की अपील काम कर गई, लेकिन जगन भी वादे के मुताबिक, विशेष रूप से पोलावरम परियोजना को पूरा करने में नाकाम रहे। वह राजधानी पर अपनी बात नहीं रख सके। जगन ने न केवल अवैज्ञानिक तरीके से और लोगों के विरोध की परवाह किए बिना जिलों का पुनर्गठन किया, बल्कि तीन राजधानियों का प्रस्ताव भी सामने रखा, कार्यकारी राजधानी के रूप में विशाखापत्तनम, विधायी राजधानी के रूप में अमरावती और न्यायिक राजधानी के रूप में कुरनूल। हालांकि, इन मुद्दों पर जनता की राय बंटी हुई है।

दूसरी ओर, विशाखापत्तनम के संसाधनों का अंधाधुंध दोहन भी लोगों को रास नहीं आ रहा है। राज्य में कल्याण योजनाओं, वितरण व्यवस्था से कोई शिकायत नहीं हो सकती है, पर बाकी सब कुछ समीक्षा के दायरे में आ गया है। भूमि, रेत और शराब कारोबार इत्यादि ने भ्रष्टाचार के आरोपों का मार्ग प्रशस्त किया, जगन का कर्मचारी विरोधी रवैया और विरोधियों के खिलाफ कानून और व्यवस्था के दुरुपयोग ने उनकी छवि को कुछ हद तक नुकसान पहुंचाया है। उनके चाचा वाई एस विवेकानंद रेड्डी की हत्या पर उनकी चुप्पी से भी उनकी सार्वजनिक छवि पर असर पड़ा है।

ऐसे में, चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के लिए अवसर बन आया है। दोनों ने गठबंधन कर लिया है। पवन कल्याण अपने विरोधियों द्वारा व्यक्तिगत हमलों से अधिक नाराज हैं। जब भी वह जगन की आलोचना करते हैं, जगन की पार्टी के लोग उनकी शादियों पर उंगली उठा देते हैं, जबकि यह गैर-जरूरी है।

जहां तक भाजपा की बात है, तेदेपा के साथ उसका प्यार और नफरत का रिश्ता जगजाहिर है। नायडू स्वयं निश्चिंत नहीं थे कि भाजपा में उनका स्वागत किया जाएगा या नहीं, लेकिन उन्होंने तालमेल के लिए अपने अहंकार को किनारे रख दिया है। वैसे, भाजपा राज्य में पुख्ता पैठ बनाने में विफल रही है और अंतत= उसने पवन कल्याण और उनके माध्यम से तेदेपा से हाथ मिलाना पसंद किया है। राज्य में अभी मुख्यमंत्री जगन की बहन शर्मिला रेड्डी की हिस्सेदारी कम है, जो अब आंध्र प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की प्रमुख हैं, वह केवल तेदेपा-जेएसपी-भाजपा की संभावनाओं को ही थोड़ा प्रभावित करेंगी।

कुल मिलाकर, आंध्र प्रदेश में चुनाव की यही पृष्ठभूमि है। मोटे तौर पर रेड्डी, ईसाई और मुस्लिम समुदाय जगन मोहन रेड्डी के साथ हैं। कापू काफी हद तक पवन कल्याण के साथ हैं। कम्मास और अन्य तेदेपा के साथ हैं। एक मजबूत मछुआरा समुदाय भी है, जो जिलेवार विभाजित होकर वोट देता आया है।

साल 2024 का चुनाव आंध्र प्रदेश में कांटे की लड़ाई बन गया है। सोशल मीडिया भी इस हद तक बंटा हुआ है कि अमेरिका और यूरोप के अनेक शहरों से भी हेट-जगन या हेट-नायडू अभियान चलाए जा रहे हैं। बेरोजगारी, महंगाई, कानून-व्यवस्था की नाकामी, दलितों पर हमले और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे विपक्षी खेमे तक सिमटे दिखते हैं। अब सब 13 मई के इंतजार में हैं, जब राज्य का भाग्य ईवीएम में कैद होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5348

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | | |
| ■ | 9 | | | ■ | 10 | | |
| ■ | 11 | | ■ | 12 | ■ | ■ | |
| 13 | | ■ | 14 | | | 15 | ■ |
| 16 | | | | | ■ | 17 | 18 |
| 19 | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | ■ | ■ | 22 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1 जून 1975 को भारत की महिला भारोत्तलक का जन्मदिवस है ये 2000 के सिडनी ओलम्पिक खेलों में कांस्य पक जीतने वाली प्रथम महिला खिलाड़ी है (7)
6. जल नित्तल, हथेली कवच (2)
7. प्रेमी, साजन, बलमा (3)
9. यह भारत देश की प्रचलित मुद्रा है (3)
10. जो रिश्तें पति की बहन हो (3)
11. खत, कागज, चिट्ठी (2)
13. लेखा पुस्तक, रजिस्टर (2)
14. रामचरितमानस का एक भाग जिसमें श्रीराम के बाल्य काल का विवरण है (4)
16. राजा जनक के नामों में एक (5)
17. कोमल कांड, सुंदर स्त्री (2)
19. रिश्ता, संबंध (2)
20. ऐसी गोरी स्त्री जिसमें बल और आंखे स्याह हो (2)
21. ग्रीष्म ऋतु की तप्त हवा (1)
22. सैनिक, मिलिस्ट्रीमेन (2)

**ऊपर से नीचे**

1. कुंतीपुत्र जो कन्याकाल में सूर्य के अंश से उत्पन्न हुआ था, इसी से इसे कानीन कहते है, कान शरीर का एक संवेदी अंग (2)
2. इसे अंग्रेजी में बैलेट पेपर कहते है (4)
3. यह मलेशिया देश का पुराना नाम है (3)
4. सांस लेने व छोड़ने की एक जैविक क्रिया (3)
5. कारण (अंग्रेजी)(3)
8. गंभीर ध्वनि करना, बजाना (3)
9. अनाकर्षकता, आकर्षणहीनता, असौम्यता, असुंदरता (5)
12. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
13. ध्वनि या नाद उत्पन्न होना (3)
14. वरदल, जनैत, वरपक्ष, वरयात्री (3)
15. यह धौलाधार पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य स्थित एक पर्यटक स्थ है यह स्थल हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले का हिस्सा है (4)
18. नक्षत्र, सितारा, सुषेण की कन तथा बाली की पत्नी का नाम (2)

## वर्ग पहेली 5347 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नू | र | ज | हां | ■ | सा | के | त |
| त | ह | ल | का | ■ | हि | सा | ल |
| न | म | न | ■ | सु | र | ■ | ब |
| ■ | दि | ■ | स | त | लु | ज | ■ |
| गो | ल | मा | ल | ■ | धि | ■ | बां |
| पी | ■ | मा | फ | ■ | या | ज | क |
| ना | ज | ■ | ■ | ■ | न | मी | ■ |
| थ | ल | च | र | ■ | वी | र | ता |

# अब और बदला नहीं

(उत्कर्ष गहरवार)

ईरान ने ईजरायल पर अटैक कर अपना बदला लिया और जवाब में इजरायल ने भी। अब दुनिया का हर व्यक्ति यही दुआ कर रहा होगा कि इस जंग को और न तूल दिया जाए। अब और बदले की भावना से अटैक न हों।

ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों के छह दिन बाद शुक्रवार सुबह इजरायल की ओर से ईरान पर जवाबी हमले की खबरों ने पूरी दुनिया को एकबारगी सकते में डाल दिया। लगा कि इस पूरे क्षेत्र में युद्ध फैलने की जो आशंका पिछले कुछ दिनों से बनी हुई थी, वह सच हो रही है। लेकिन हमले को लेकर इजरायल और ईरान के शुरुआती रुख पर गौर करें तो पिछले दिनों चले अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक प्रयासों के पॉजिटिव असर भी दिख रहे हैं।

**चिंता की वजहें-** पिछले 13 अप्रैल को ईरान की ओर से इजरायल पर हुए हमले के बाद जहां इजरायल जवाबी कार्रवाई पर अड़ा हुआ था, वहीं ईरान बार-बार दोहरा रहा था कि अगर इजरायल ने आगे कुछ भी किया तो उसका जवाब पहले से ज्यादा तगड़ा होगा। ऐसे में सभी प्रमुख देशों की कोशिश मामले को ठंडा करने की थी। लेकिन शुक्रवार सुबह आई ताजा इजरायली हमले की खबरों से एकबारगी हालात बेकाबू होते से लगे।

**परमाणु केंद्र थे निशाने पर-** मामला ज्यादा गंभीर इसलिए भी था कि इजरायली ड्रोन और मिसाइल हमलों का मुख्य निशाना ईरान का इस्फहान शहर बताया गया, जो न केवल मिसाइल उत्पादन का एक बड़ा केंद्र है बल्कि कई परमाणु केंद्रों का भी ठिकाना है। अच्छी बात यह रही कि इस हमले से जान-माल की क्षति की कोई खबर नहीं है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने इस बात की पुष्टि की है कि हमले में किसी परमाणु केंद्र को नुकसान नहीं हुआ है।

**तूल नहीं दे रहे-** खास बात यह कि इजरायल और ईरान दोनों ही इस हमले को तूल देने के मूड में नहीं दिखते। इजरायल की ओर से अमेरिकी अधिकारियों को कार्रवाई की पूर्व सूचना दे दी गई थी, लेकिन आधिकारिक तौर पर ईरान ने इसकी घोषणा भी नहीं की। अमेरिकी अधिकारियों ने ही मीडिया को इस बारे में बताया। दूसरी ओर ईरान ने कुछ ड्रोन को मार गिराने की बात जरूर कही, लेकिन इसके लिए इजरायल या किसी अन्य देश को जिम्मेदार नहीं ठहराया। इसे घुसपैठ की कोशिश कहा गया। स्वाभाविक ही ईरान की ओर से बदले की कार्रवाई का भी कोई संकेत नहीं है।

**क्रू मेंबर्स पर प्रगति-** इस बीच भारत के लिए अतिरिक्त राहत की एक खबर यह है कि ईरान द्वारा जब्त मालवाहक जहाज एमएससी एरियार्स' पर फंसे 17 भारतीय क्रू मेंबर्स में शामिल एकमात्र महिला सदस्य ऐन टेस्सा जोसफ स्वदेश लौट आई हैं। अन्य सदस्यों की रिहाई पर भी ईरानी अधिकारियों से पॉजिटिव बातचीत चल रही है।

**कूटनीति की जीत-** अगर शुरुआती संकेत सही साबित होते हैं और यह प्रकरण शांति से निपट जाता है तो यह हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की एक ऐसी जीत होगी, जो युद्ध के बजाय बातचीत से मसले हल करने की प्रेरणा को मजबूती देगी।

# आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज शाम तक कोई खास डील फाइनल हो सकती है। आपको धन के मामले में लाभ होगा और किसी विशेष सम्?मान की प्राप्ति के योग हैं। भौतिक विकास में वृद्धि होगी और किसी मामले में आपको लाभ होगा। आपको आज मंगलोत्सवों में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

### वृषभ

आज आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा पर जाने का मन करेगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। कानूनी विवाद में आपको सफलता मिलेगी और आपके धन में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन की योजना बन सकती है और आपको लाभ की प्राप्ति होगी। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद आपके पराक्रम में वृद्धि होगी।

### मिथुन

आज का दिन काफी रचनात्मक है और आपके सभी कार्य पूर्ण होंगे। आज पूरा दिन दूसरों के कार्य पूर्ण करने में आपका दिन बीतेगा। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वह करने को मिलेगा। आज के दिन आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी।

### कर्क

अधूरे कार्य निपट जाएंगे। महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी और आपको सफलता मिलेगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपकी मदद करेंगे। शाम के वक्त आपको शादी में जाने का अवसर मिल सकता है।

### सिंह

आज का दिन काफी व्यस्त रखने वाला है और आज आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। रात का समय मांगलिक कार्य में बीतेगा।

### कन्या

आज का दिन सम्?मान से भरा होगा। आज किसी भी मामले में संयम और सावधानी बरतें। आस पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्?यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ हर कार्य को पूरा करें। रात के वक्?त आपकी स्थिति में और सुधार होगा।

### तुला

आज का दिन और लाभकारक रहेगा। सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। बेहतर होगा कि आप अपने काम पर ध्?यान दें और फालतू कार्य करने से बचें।

### वृश्चिक

आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में रिस्?क लेंगे तो लाभ हो सकता है। रोजमर्रा के कुछ काम में भाग्?य आजमा सकते हैं। आपको किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आस-पास है, उसे पहचानना आपके हाथ है।

### धनु

आज का दिन हर मामले में काफी मजबूती से भरा होगा। आपको दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे तो जरूरी है कि आप अपने कार्य समय से पूरे कर लें। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं तो लाभ होगा। नौकरी और व्यापार में कुछ नया करके आप लाभ पा सकते हैं। काम में नई जान आएगी।

### मकर

आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको परिवार के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखे। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से आपकी

### कुंभ

आज आपके कार्य सफल होंगे। आपके शरीर में कुछ विकार हो सकते हैं। खानपान में लापरवाही न बरतें। आज व्यापार के मामले में दिन सुखद बीतेगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। कानूनी विवाद में आपको सफलता मिलेगी और आपके धन में वृद्धि होगी।

### मीन

व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

## सामने अंधेरा छा गया...हीटवेव की खबर पढ़ते हुए बेहोश हो गई टीवी ऐंकर

**कोलकाता, एजेंसी।** देश में इस समय हीटवेव का असर देखा जा रहा है। कई जगहों पर तापमान 40 से 46 डिग्री के बीच पहुंच गया है। अप्रैल महीने में इतनी गर्मी की वजह से लोग परेशान हैं। एक टीवी चैनल पर हीटवेव का समाचार बताते हुए ही ऐंकर बेहोश हो गई। जानकारी के मुताबिक लाइव प्रोग्राम के दौरान ही महिला ऐंकर का ब्लड प्रेशर लो हो गया और उसकी आंखों के सामने अंधेरा छा गया। महिला ऐंकर का नाम लोपामुद्रा सिन्हा बताया गया है। दूरदर्शन कोलकाता के कार्यक्रम के दौरान हीटवेव की जानकारी देते हुए महिला ऐंकर की तबीयत बिगड़ गई। बाद में ऐंकर ने खुद बताया, ऐसा लगा जैसे टेलीप्रॉम्पटर फेड हो गया है। इसके बाद आंखों के सामने अंधेरा छा गया। सिन्हा ने कहा कि ज्यादा गर्मी और अचानक ब्लड प्रेशर कम होने की वजह से वह बेहोश हो गई थीं। उन्होंने कहा कि कूलिंग सिस्टम में खराबी की वजह से स्टूडियो में बहुत गर्मी हो गई थी। उन्होंने कहा कि सुबह के ब्रॉडकास्ट से पहले भी उनका गला सूख रहा था। सिन्हा ने कहा, मैंने कभी अपने पास बॉटल नहीं रखी। चाहे यह 15 मिनट का शो हो या फिर आधे घंटे का। मुझे कभी बीच में पानी पीने की जरूरत ही नहीं महसूस हुई। उन्होने कहा, जब ब्रॉडकास्ट 15 मिनट का बचा तो मेरा गला सूखने लगा। जब टीवी पर विजुअल्स दिखाए जा रहे थे तो मैंने मैनेजर से पानी मांगा। उन्होंने कहा, इसके बाद लगातार उनका फेस टीवी प र आने लगा और उन्हें पानी पीने का मौका ही नहीं मिला।

# मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही बीजेपी, हम सुरक्षित नहीं



### ममता बनर्जी ने लगाए गंभीर आरोप

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें और उनके भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है तथा वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को एक बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा, जिसके बाद ममता ने यह आरोप लगाया है। बलूरघाट लोकसभा क्षेत्र के कुमारगंज में पार्टी उम्मीदवार और राज्य में मंत्री बिप्लब मित्रा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, भाजपा मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही है। हम सुरक्षित नहीं हैं लेकिन हम केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की साजिश से भी नहीं डरते हैं। हम हर किसी से तृणमूल नेताओं और पश्चिम बंगाल के लोगों के खिलाफ साजिश के प्रति सावधान रहने का आग्रह करते हैं। तृणमूल प्रमुख ने अधिकारी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, एक गद्दार है, जिसने अपने परिवार और अवैध संपत्ति को बचाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। मैं उन्हें बता दूं कि चॉकलेट बम धमाका करने की उनकी धमकी को तवज्जो नहीं देते हैं। उन्होंने कहा, हम पटाखे फोड़कर उनका मुकाबला करेंगे। हम पीएम केयर फंड में विसंगतियों और प्रत्येक व्यक्ति के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करने के जुमले को उजागर कर रहे हैं। वे केवल झूठ फैलाते हैं। ममता ने भाजपा पर धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया और सवाल किया, दूरदर्शन का लोगो अचानक भगवा क्यों हो गया? सेना के जवानों के आधिकारिक आवासों को भगवा रंग में क्यों रंगा गया? काशी (विश्वनाथ मंदिर) में पुलिस की वर्दी भगवा रंग की क्यों कर दी गई? उन्होंने कहा, हम फैसले (दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलने) का कड़ा विरोध करते हैं...यह भाजपा के निरंकुश शासन का एक और उदाहरण है। यदि वह सत्ता में बनी रहती है तो भविष्य में कभी चुनाव नहीं होंगे। एक व्यक्ति, एक पार्टी का शासन होगा और विभिन्न समुदायों के धार्मिक अधिकार खतरे में पड़ जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी के रोड शो में बुलडोजर का काफिला, सीएम ने की छत्तीसगढ़ के भाचा राम से लेकर अयोध्या ?के राम की बात



**बिलासपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को बिलासपुर दौरे पर पहुंचे।? लोकसभा चुनाव में बिलासपुर सीट से प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में प्रचार करने योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर के काफिलों के साथ स्वागत किया गया। बिलासपुर लोकसभा के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के बीआर यादव स्टेडियम बहतराई स्टेडियम में हुई इस सभा के दौरान उनका स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बुलडोजर रैली निकालते हुए किया है। बिलासपुर में सीएम योगी को सुनने बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ स्टेडियम में जमा हुई। सीएम योगी आदित्यनाथ के स्वागत में बिलासपुर और बेलतरा के भाजपा कार्यकताओं ने शहर में बुलडोजर रैली निकालते? हुए स्टेडियम पहुंचे। शहर के सरकंडा इलाके से रैली निकाली गई। 30 बुलडोजर को रैली के रूप में शहर भर में घुमाया गया। बुलडोजर यात्रा शहर के अलग-अलग इलाकों से होकर निकालकर अंत में सभी बुलडोजर को सभा स्थल में ले जाया गया है।? मुख्यमंत्री आज बिलासपुर के बहतराई इंडोर स्टेडियम में बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे । उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा और छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का नारा बुलंद किया। दरअसल लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में प्रचार करने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिलासपुर पहुंचे हुए थे, जहां उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राम मंदिर को लेकर सबसे अधिक उत्साह छत्तीसगढ़ में देखने को मिला। सीएम योगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ श्री राम भगवान का ननिहाल है और ननिहाल जाकर सबसे ज्यादा खुशी मिलती है। वहीं कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि, श्री राम भगवान का भव्य मंदिर 500 साल बाद आज अयोध्या में बनकर तैयार हो गया है । यही कांग्रेस की जब सरकार थी तो उन्होंने राम भगवान के अस्तित्व को मानने से ही इंकार कर दिया था। इस तरह आज देश की जनता कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व को खत्म कर रही है।

### माफिया पर शिकंजा कसने को अब तीन दिन चलेगी कोर्ट

**लखनउ, एजेंसी।** आगामी चुनाव में माफिया, गैंगस्टर और शातिर अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए प्रयागराज पुलिस आयुक्त रमित शर्मा की कोर्ट अब हफ्ते में दो की जगह तीन दिन चलेगी। चुनाव के दौरान अपराधियों को गुंडा एक्ट के तहत जिलाबदर करने की कार्रवाई तेज हो गई है। अपराधियों को जिले से बाहर या जेल भेजा जा रहा है। लंबित फाइलों के निस्तारण के लिए कोर्ट की अवधि बढ़ा दी गई है। कमिश्नरेट लागू होने के बाद पुलिस आयुक्त की कोर्ट शुरू हुई तो पता चला कि यहां हजारों पुराने केस लंबित हैं। गैंगस्टर एक्ट की फाइलों के निस्तारण के बाद भी उसे कोर्ट नहीं भेजा गया है। हैरानी की बात रही कि गुंडा एक्ट की हजारों फाइलें लंबित मिली। वर्ष 2012 से 2023 तक की फाइलों का निस्तारण नहीं किया गया। थाने से गुंडा एक्ट में कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी गई लेकिन उसे निरस्त किया गया और न ही जिलाबदर की कार्रवाई हुई। पुलिस कमिश्नर ने वर्तमान में सक्रिय अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए सुनवाई तेज कर दी है।

# कांग्रेस का बड़ा ऐलान- सरकार बनी तो संसद के पहले ही सत्र में रद्द हो जाएगा सीएए




**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के केंद्र में सरकार बनते ही संसद के पहले सत्र में ही नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इरादा सीएए को रद्द करने का है, भले ही उसके घोषणापत्र में इसका उल्लेख नहीं किया गया हो। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राजनेता कांग्रेस पर इस बात को लेकर लगातार निशाना साध रहे हैं कि उसके घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख नहीं है।यहां मीडिया से बातचीत में चिदंबरम ने दावा किया कि घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख इसलिए नहीं किया गया था क्योंकि 'यह बहुत लंबा हो गया था।' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के 10 साल के शासन ने देश को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है क्योंकि इसने संसद में 'प्रचंड बहुमत' का दुरुपयोग किया। चिदंबरम ने कहा, 'कानूनों की एक लंबी सूची है, जिनमें से पांच कानून पूरी तरह से रद्द कर दिए जाएंगे। ये मेरा वादा है, मैं घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष हूं। मैंने इसका एक-एक शब्द लिखा है, मुझे पता है कि इरादा क्या था। सीएए संशोधित नहीं किया जाएगा, बल्कि इसे रद्द कर दिया जाएगा। हमने इसे स्पष्ट कर दिया है।' चिदंबरम ने विजयन के इस दावे को खारिज कर दिया कि कांग्रेस ने कानून का विरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम के कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने संसद में सीएए के खिलाफ अपने विचार रखे थे। चिंदबरम ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश के लोगों से यह सच्चाई छिपा रही है कि 'हजारों वर्ग किलोमीटर भारतीय भूमि' पर चीनी सैनिकों ने कब्जा कर लिया है। चिदंबरम ने कहा, 'यह एक तथ्य है जिसकी गवाही लद्दाख के सांसद ने दी है। इस तथ्य की गवाही अरुणाचल प्रदेश के नागरिकों ने दी है। इसलिए यह कहना कि उन्होंने हमारी सीमाओं को सुरक्षित किया है, पूरी तरह से झूठ है।' उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है। चिदंबरम ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी के 10 साल के शासन में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है।उन्होंने लोगों से 'लोकतंत्र को बहाल' करने की अपील की। चिदंबरम ने कहा, 'भाजपा ने 14 दिन में घोषणापत्र तैयार किया, जिसका शीर्षक घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने इसे मोदी की गारंटी कहा। भाजपा अब कोई राजनीतिक दल नहीं है। यह एक पंथ बन गई है और यह पंथ नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।' चिदंबरम ने दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' उन देशों की याद दिलाती है जहां पंथ पूजा होती है। उन्होंने कहा, 'भारत में पंथ पूजा को ताकत मिलनी शुरू हो गई है और इससे तानाशाही को बढ़ावा मिलेगा।' चिदंबरम ने आरोप लगाया कि 10 साल के मोदी शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर नियंत्रण रहा है। उन्होंने कहा, 'यदि मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं, तो वह संविधान में संशोधन कर सकते हैं.... हमें लोकतंत्र को बहाल करना होगा।' कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के सामने मौजूद सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी है। चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में नौकरियां और धन पैदा करने की बात की गई है जिसके बारे में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी चुप है। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ इन दिनों मुखर दिख रहे विजयन की भी आलोचना की और वामपंथी नेता से इस चुनाव को राष्ट्रीय चुनाव के रूप में देखने के लिए कहा।

## केजरीवाल पर चार्जशीट ला रही ईडी, आप पर सबसे बड़े संकट की होगी शुरुआत!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जल्द चार्जशीट दायर की जा सकती है। ईडी 15 मई से पहले सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है, जिसमें आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जा सकता है। इंडियन एक्सप्रेस ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। ईडी यदि आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाती है तो यह पहली बार होगा जब किसी राजनीतिक दल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट में मुकदमा चलाया जाएगा।

इससे आप के लिए बड़े संकट की शुरुआत हो सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि चार्जशीट को ड्राफ्ट किए जाने का काम फाइनल होने वाला है। यह भी बताया गया है कि पुराने चार्जशीट्स में आरोपी लगाए गए लोगों के अलावा इस बार 4-5 और नए नाम हो सकते हैं। अरविंद केजरीवाल और के कविता के



अलावा सप्लीमेंट्री चार्जशीट में गोवा के राजनीतिक कार्यकर्ता चनप्रीत सिंह का भी नाम हो सकता है। सिंह को 15 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि वह गोवा विधानसभा चुनाव में उन्होंने आप की फंडिंग का प्रबंधन किया था। ईडी का दावा है कि घोटाले की रकम का इस्तेमाल गोवा में चुनाव प्रचार के लिए किया गया। अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि हवाला लेनदेन में शामिल कुछ और लोगों नाम भी चार्जशीट में सामने आ सकते हैं। ईडी अधिकारियों ने कहा कि राजनीतिक दल को आरोपी बनाना अभूतपूर्व है, लेकिन उन्होंने इसके लिए कानूनी सलाह ली है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने भी संकेत दिए थे कि आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया जा सकता है। अदालतों में अलग-अलग आवेदनों की सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने बताया है कि आम आदमी पार्टी के खिलाफ पीएमएलए की धारा 70 के तहत कार्रवाई हो सकती है। इसका इस्तेमाल किसी कंपनी के खिलाफ किया जाता है। ईडी का कहना है कि इसके दायरे में राजनीतिक दल समेत कोई भी संगठन आ सकता है। जानकारों का मानना है कि यदि आप को आरोपी बनाया जाता है तो यह पार्टी के लिए अब तक का सबसे बड़ा संकट होगा। इससे पार्टी के बैंक अकाउंट से लेकर अन्य संपत्ति को सीज किया जा सकता है। कुछ जानकार तो यह भी कहते हैं कि ऐसा करना केजरीवाल की गिरफ्तारी से भी झटका होगा। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घाटोले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

## राम मंदिर का केवल ग्राउंड फ्लोर तैयार, परिसर में लगेंगी 6 और मूर्तियां- चंपत राय

**अयोध्या, एजेंसी।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या में जारी राम मंदिर निर्माण को लेकर अहम जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि केवल ग्राउंड फ्लोर का मंदिर बना है। वहां पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर दी गई है। फर्स्ट फ्लोर का काम चल रहा है और इसके ऊपर सेकंड फ्लोर को लेकर तैयारी है। उन्होंने कहा, मंदिर के चारों ओर 14 फीट चौड़ी सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी। इस दीवार को मंदिर का परकोटा कहा जाता है। यह परकोटा कई उद्देश्यों को साथ तैयार किया जाएगा। यहां पर 6 और मंदिर बनाए जाएंगे। एक कोने पर शंकर, दूसरे कोने पर भगवती, एक कॉर्नर पर पार्वती और एक कॉर्नर पर सूर्य भगवान का मंदिर बनेगा। दो भुजाओं में एक भुजा पर भगवान हनुमान और मां अन्नपूर्णा का मंदिर बनाया जाएगा। ये सभी मंदिर पत्थर के बनेंगे। इनका परिसर छायादार होगा और सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। चंपत राय ने कहा, इस परिसर में महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र और महर्षि अगस्त्य के मंदिर भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा निषाद राज, मां शबरी, मां अहिल्या और जटायु के मंदिर भी बनाए जाएंगे।



### हर दिन 1 लाख से अधिक लोगों ने किए मंदिर में दर्शन

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा, हर दिन एक लाख से अधिक लोग मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं।22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई।इसके बाद से लगभग 1.5 करोड़ लोग रामलला के दर्शन के लिए आए हैं।देश भर से भक्तों के अयोध्या आने का सिलसिला जारी है।बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में नए मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्रतिष्ठा हुई। इसके बाद पहली रामनवमी हाल ही में बीती है।सूर्य तिलक के लिए राम मंदिर में ऑप्टो-मैकेनिकल सिस्टम लागू करने से पहले, रुड़की इलाके के लिए उपयुक्त एक छोटा मॉडल सफलतापूर्वक मान्य किया गया।

# मोदी के मुसलमान वाले बयान पर खरगे बोले- पीएम ने जो कहा वो हेट स्पीच, ये संघ से मिले संस्कार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुसलमान वाले बयान को लेकर तीखा हमला बोला है। मुख्य विपक्षी दल की ओर से इसे घृणास्पद भाषण करार देते हुए कहा गया कि यह लोगों का ध्यान भटकाने की सोची-समझी चाल है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, आज मोदी जी के बौखलाहट भरे भाषण से दिखा कि प्रथम चरण के नतीजों में इंडिया जीत रहा है। मोदी जी ने जो कहा वो हेट स्पीच तो है ही, ध्यान भटकाने की एक सोची समझी चाल है। प्रधानमंत्री ने वही किया जो उन्हें संघ के संस्कारों में मिला है। उन्होंने कहा कि सत्ता के लिए झूठ बोलना, बातों का अनर्गल संदर्भ बनाकर विरोधियों पर झूठे आरोप मढ़ना यह संघ और भाजपा की प्रशिक्षण की खासियत है। पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कही, जिसमें उन्होंने कथित तौर



पर कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है। मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ये अर्बन नक्सल वाली सोच.... मेरी माताओं- बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। इस हद तक चले जाएंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि ये कांग्रेस का घोषणापत्र कह रहा है कि वे माताओं-बहनों के सोने का हिसाब करेंगे, उसकी जानकारी लेंगे और फिर उस संपत्ति को बांट देंगे। और उनको बांटेंगे जिनके बारे में मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है।

### जनता अब इस झूठ के झांसे में नहीं आने वाली: खरगे

मल्लिकार्जुन खरगे ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता अब इस झूठ के झांसे में नहीं आने वाली। उन्होंने कहा, हमारा घोषणापत्र हर एक भारतीय के लिए है। सबकी बराबरी की बात करता है। सबके लिए न्याय की बात करता है। उन्होंने अपनी पोस्ट में आगे कहा कि कांग्रेस का न्याय पत्र सच की बुनियाद पर टिका है, पर लगता है Goebbels रूपी तानाशाह की कुर्सी अब डगमगा रही है। भारत के इतिहास में किसी भी प्रधानमंत्री ने अपने पद की गरिमा को इतना नहीं गिराया, जितना मोदी जी ने गिराया है। उन्होंने कहा, मोदी जी, बाबासाहेब डॉ अंबेडकर व पंडित जवाहरलाल नेहरू की ओर से दिया गया सबको समान वोटिंग का अधिकार छीनना चाहते हैं।

## मेरठ में बढ़ेगी सियासी गर्मी ! आज योगी, अखिलेश और मायावती करेंगे रोड शो और जनसभा

**मेरठ, एजेंसी।** मेरठ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान को लेकर अब भाजपा, बसपा, सपा ने सारी ताकत झोंक दी है। 23 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बसपा सुप्रीमो मायावती मेरठ आ रहे हैं। मुख्यमंत्री मेरठ में रोड शो करेंगे। मायावती हापुड़ रोड स्थित अलीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी 23 को सिवालखास में जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गजेन्द्र शर्मा, लोकसभा संयोजक कमलदत्त शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल को मुख्यमंत्री का शहर में रोड शो होगा। देर शाम मुख्यमंत्री के रूट का निरीक्षण मुख्यमंत्री कार्यालय से आए प्रभारी संतोष सिंह, महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज, लोकसभा संयोजक कमलदत्त शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर,मुख्य निर्वाचन अभिकर्ता विवेक रस्तोगी ने किया। उधर, बसपा के मंडल प्रभारी शाहजहां सैफी के अनुसार पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती 23 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे अलीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगी। वहीं,सपा नेताओं के अनुसार अखिलेश यादव 23 अप्रैल को सिवालखास विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी अमरपाल शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

**प्रशासन सतर्क :** 23 अप्रैल को मेरठ में वीआईपी दौरों को लेकर पुलिस, प्रशासन सतर्क है। अधिकारियों का कहना है कि 23 अप्रैल को तीनों अति विशिष्ट सुरक्षा श्रेणी के वीआईपी हैं। ऐसे में तीनों की सुरक्षा और शहर से लेकर जिले की व्यवस्था को लेकर सतर्क होना आवश्यक है। कई इलाकों में रूट डायवर्ट रहेंगे और वाहनों की एंट्री बंद रहेगी। साथ ही भीड़ जमा होने को लेकर भी प्रशासन सतर्क है। वीआईपी के साथ ही आम जनता की भी सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा।

## सचिन पायलट के ट्रंप कार्ड ने किया कमाल तो फंस जाएगी बीजेपी? इन सीटों पर असर

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में पहले चरण की 12 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। इन सीटों पर इस बार बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है। हाई प्रोफाइल सीट दौसा को लेकर दोनों ही दल जीत का दांवा कर रहे है। इस सीट पर लड़ तो रहे हैं कांग्रेस के मुरारी लाल मीणा और बीजेपी कन्हैयालाल मीणा, लेकिन परीक्षा सचिन पायलट और किरोड़ी लाल की होगी। पूर्वी राजस्थान में वर्चस्व की राजनीति को लेकर सचिन पायलट और किरोड़ी लाल की बीच अदावत किसी छिपी नहीं है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि दौसा सीट को लेकर इस बार पेच फंस गया है। बीजीपे की यह सीट फंस सकती है। सचिन पायलट ने गुर्जर कॉर्ड का बखूबी इस्तेमाल किया है। ऐसे में सियासी जानकारों का कहना है कि पायलट का ट्रंप कार्ड कमाल दिखा देता है कि बीजेपी की कम से कम 4 सीटें कांग्रेस को मिल सकती है। दौसा, टोंक सवाई माधोपुर, कोटा -बूंदी और अजमेर। इन सीटों पर गुर्जर वोटर निर्णायक भूमिका में रहते रहे हैं। हालांकि, सचिन पायलट ने अपनी किसी भी सभा या रैली में अपनी जाति का उल्लेख नहीं किया है। पायलट हमेशा समाज से जुड़े कार्यक्रमों से भी दूरी बनाते आए है। लेकिन जिस तरह से पायलट समर्थकों ने गुर्जर वोटरों के लिए सोशल मीडिया पर मुहिम छेड़ रखी है। उससे बीजेपी को नुकसान होने का अंदाजा है।





## अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को तोड़ना मरोड़ना नहीं चाहिए: चंद्र कुमार बोस

**शिमला, एजेंसी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने कंगना रनौत को नसीहत दी है। चंद्र कुमार बोस ने कंगना के उस दावे की आलोचना की है जिसमें भाजपा प्रत्याशी ने कहा था कि सुभाष चंद्र बोस भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। चंद्र कुमार बोस ने कहा कि किसी को भी अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को तोड़ना मरोड़ना नहीं चाहिए। मेरी कंगना से अपील है कि उनको नेताजी सुभाष चंद्र बोस की लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। दरअसल, हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने एक कार्यक्रम में कहा था कि पहले मुझे यह बात क्लियर करने दीजिए। जब हमें आजादी मिली तो भारत के पहले प्रधानमंत्री सुभाष चंद्र बोस, वो कहां गए थे? इस बयान को लेकर वह आलोचकों के निशाने पर भी आ गई थीं। एक विशेष बातचीत में चंद्र कुमार बोस ने कंगना रनौत को नसीहत दी कि उन्हें (कंगना रनौत) अपने राजनीतिक लाभ के लिए या अपने पार्टी नेतृत्व को खुश करने के लिए इतिहास को विकृत नहीं करना चाहिए। जहां तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर उनके बयान का सवाल है, तो यह अधूरा है। नेताजी निश्चित रूप से राष्ट्र प्रमुख, अखंड, अविभाजित भारत के प्रधानमंत्री थे। मैं यहां बता दूं कि महत्वपूर्ण कारक एकजुट और अविभाजित भारत है, जिसका जिक्र करने से वह चूक गईं। चंद्र कुमार बोस ने कहा- नेताजी अविभाजित और अखंड भारत के अंतिम प्रधानमंत्री भी थे। आपको नेताजी के जीवन और समय, उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करने की जरूरत है। मैं न केवल कंगना से वरन उन सभी लोगों से, जो नेताजी में रुचि रखते हैं, अनुरोध करूंगा कि वे भारत की उनकी अवधारणा, विचारधारा और देश के लिए उनके नजरिये को समझने के लिए उनके लेखों का अध्ययन करें। चंद्र कुमार बोस 2016 में पश्चिम बंगाल में भाजपा के उपाध्यक्ष थे। उन्होंने पिछले साल पार्टी छोड़ दी थी। चंद्र कुमार बोस ने कहा कि किसी को भी अपने या पार्टी या राजनीतिक आकाओं के राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को विकृत नहीं करना चाहिए। मेरा मानना है कि स्वतंत्रता आंदोलन 1857 में मंगल पांडे के विद्रोह के साथ शुरू हुआ था। शहीद भगत सिंह, राजगुरु, खुदीराम बोस जैसे कई लोग थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना बलिदान दिया।

## संक्षिप्त समाचार



### चीन के ओलंपिक पदक विजेताओं के प्रतिबंधित ड्रग्स मामले में वाडा ने अपनी जांच के रुख का किया बचाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था। हालांकि, इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने 2021 के एक मामले को गलत तरीके से संभालने के अपमानजनक और पूरी तरह से झूठे आरोपों को खारिज कर दिया। इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था, हालांकि इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वाडा का ये बयान उस वक्त आया जब अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी चीफ ट्रेविस टाइगर्ट ने वाडा और चीनी अधिकारियों पर इन पॉजिटिव परीक्षणों को दबाने का आरोप लगाया था। सीएनएन के मुताबिक टाइगर्ट ने ये भी आरोप लगाया कि एजेंसी खेलों में ड्रग्स के इस्तेमाल के खिलाफ असरदार नियम बनाने में नाकाम रही है।



### लो स्कोरिंग मैच में गुजरात ने पंजाब को तीन विकेट से हराया

**मुल्लांपुर (पंजाब), एजेंसी।** साई किशोर के चार विकेट के बाद राहुल तेवतिया के 18 गेंद पर नाबाद 36 रनों की तेज पारी के दम पर आईपीएल के 37वें मैच में यहां पीसीए स्टेडियम में रविवार को गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को पांच गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। धीमी पिच पर पंजाब के 142 रन के जवाब में गुजरात के बल्लेबाजों ने शुरुआत में संभलकर खेला। पूरे रन चेज में सिर्फ दो छक्के लगे।

ऊपरी क्रम में ओपनर शुभमन गिल (35) तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज साई सुदर्शन (31) ने टीम के लिए आधार तैयार किया। हालांकि 9.2 ओवर में एक विकेट पर 66 रन के बाद अगले छह ओवर में मात्र 37 रन बनाने में उसने चार विकेट गंवा दिये, लेकिन राहुल तेवतिया एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके जड़े।

हर्षल पटेल (तीन ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट) ने 19वें ओवर में शाहरुख खान और राशिद खान को आउट कर मेहमान टीम को दो झटके जरूर दिये, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अंतिम ओवर की पहली ही गेंद पर अर्शदीप सिंह को चौका लगाकर तेवतिया ने टीम को जीत दिला दी।पंजाब की ओर से लियाम लिविंगस्टोन के खाते में दो और अर्शदीप तथा सैम करन के खाते में एक-एक विकेट आये।इस जीत के साथ गुजरात आठ में से चार मैच जीतकर प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर पहुंच गया है। पंजाब की टीम आठ में से छह मैच हारकर नवें स्थान पर है।

इससे पहले, साई किशोर की फिरकी के जाल में चार बल्लेबाज फंस गये।पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने पावर-प्ले में पचास रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। लेकिन इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे।साई किशोर 4-33 के अलावा नूर अहमद 2-20 और राशिद खान 1-15 पंजाब के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया।

शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा, जिन्होंने आईपीएल 2024 में अब तक पंजाब किंग्स के लिए कई लड़ाईयां लड़ी हैं, क्रमशः आठ और तीन रन पर आउट हो गए और पंजाब को नाटकीय पतन का सामना करना पड़ा।ओपनक सैम कुरेन (20) और प्रभसिमरन सिंह (21 गेंद में 35) के बाद निचले क्रम में हरप्रीत बरार (12 गेंद पर 29) को छोड़कर बाकि बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके।

# 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने रचा इतिहास

● विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स जीतने वाले बने दूसरे भारतीय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के साथ एक नया इतिहास रच दिया है। वह विश्वनाथन आनंद के बाद इस टूर्नामेंट को जीतने वाले भारत के जहां दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, तो वहीं दुनिया के सबसे कम उम्र के भी प्लेयर हैं जिन्होंने ये टूर्नामेंट जीता है। अब डी गुकेश का वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के खिलाड़ी डिंग लिरेन से भिड़ंत होगी।

गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ अपना अंतिम दौर का मैच ड्रा पर खत्म करने के साथ 14 में से 9 अंक हासिल करने में सफल रहे। इस टूर्नामेंट का आयोजन मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ी को चुनने के लिए किया जाता है। गैरी कास्परोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

चेन्नई से आने वाले 17 साल के डी गुकेश ने इस टूर्नामेंट को अपने नाम करने के साथ दिग्गज गैरी कास्परोव के 40 साल पुराने रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया, जिन्होंने उस समय वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने के लिए 22 साल की उम्र में क्वालीफाई किया था। डी गुकेश और अमेरिकी खिलाड़ी के बाद मैच 109 चालों तक चला जिसके बाद दोनों ड्रा करने पर अपनी सहमति जताई थी। इस टूर्नामेंट में डी गुकेश के प्रदर्शन को देखा जाए तो उन्होंने 5 मैचों में जहां जीत हासिल की तो उन्हें एक में हार का सामना करना पड़ा जो फ्रांस के खिलाफ अलिरेजा फिरौजा के खिलाफ मिली थी।



#### डी गुकेश की उपलब्धि पर विश्वनाथन आनंद ने जताई खुशी

कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए डी गुकेश को भारत के महान चेस खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बधाई देने के साथ अपनी खुशी को भी जताया। विश्वनाथन आनंद ने अपने पोस्ट में लिखा कि सबसे कम उम्र के चैलेंजर बनने के लिए डी गुकेश को बधाई।

आपने जो किया है उस पर परिवार को बहुत गर्व है। आपने जिस तरह से खेला और कठिन परिस्थितियों को संभाला उस पर मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत गर्व है। ये पल आपका है और इस पल का आप आनंद लें। बता दें कि डी गुकेश को प्राइज मनी के रूप में लगभग 80 लाख रुपए भी मिले हैं।



### हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

## पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रियंका और अक्षदीप ने इस दौरान 03-05-03 मिनट का समय लिया और पेरिस ओलंपिक के लिए कट हासिल करने के मानदंड को पूरा किया। भारतीय पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह ने अंताल्या में जारी विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया है। टॉप्स स्कीम योजना के एथलीट प्रियंका और अक्षदीप की जोड़ी ने पैदल चाल की मिक्स्ड मैराथन रेस में 18वें स्थान पर रहकर कोटा हासिल किया।

#### शीर्ष-22 टीमें स्वतः क्वालीफाई करेंगी

इस चैंपियनशिप में शीर्ष 22 टीमें स्वतः ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लेंगी। प्रियंका और अक्षदीप की भारतीय जोड़ी ने सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन करते हुए 42.195 किमी की दूरी तीन घंटे पांच मिनट तीन सेकेंड में पूरी की और पेरिस ओलंपिक के लिए कट हासिल करने के मानदंड को पूरा किया। इस रेस में प्रतिस्पर्धा करने वाले अन्य भारतीय एथलीट मुनिता प्रजापति और परमजीत सिंह तीन घंटे नौ मिनट और 58 सेकेंड के समय के साथ 35वें स्थान पर रहे और ओलंपिक का कोटा हासिल करने से चूक गए।

#### वैकल्पिक रूप से दूरी तय करते हैं एथलीट

मिक्स्ड टीम रिले पैदल चाल में पुरुष और महिला खिलाड़ी को वैकल्पिक रूप से यह दूरी तय करनी होती है। पुरुष खिलाड़ी 12.195 किलोमीटर चलता है और फिर महिला 10 किलोमीटर की दूरी तय करती है। इसके बाद पुरुष और महिला 10-10 किमी चलते हैं। हर चरण के शुरू होने से पहले 20 किलोमीटर चेंजओवर के लिए होते हैं। इटली की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि जापान और स्पेन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

#### ओलंपिक में डेब्यू करेगा पैदल चाल में मिक्स्ड रिले इवेंट

पैदल चाल वर्ग में मैराथन मिक्स्ड रिले इवेंट पेरिस ओलंपिक में डेब्यू करेगा। यह इवेंट रिले प्रारूप में टीमों के साथ आयोजित किया जाता है। पेरिस ओलंपिक का आयोजन इस साल जुलाई-अगस्त में होगा। भारतीय एथलीटों की नजरें पेरिस ओलंपिक में अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य सहित कुल सात पदक जीते थे।

## इंपैक्ट प्लेयर नियम पर बढ़ी तकरार अब डेविड वॉर्नर ने दिया यह सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है और इससे भारतीय क्रिकेट को कोई फायदा नहीं होने वाला है। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भी इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर अपनी राय रखी है। आईपीएल के सबसे सफल विदेशी खिलाड़ी वॉर्नर ने सलाह देते हुए कहा कि इंपैक्ट प्लेयर नियम के चलते प्लेइंग-11 में पाच खिलाड़ियों को शामिल करने की मंजूरी मिलनी चाहिए। हाल के दिनों में इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर कई खिलाड़ियों ने सवाल खड़े किए हैं, लेकिन वॉर्नर इस नियम के खिलाफ नहीं हैं।

#### इंपैक्ट प्लेयर नियम के समर्थन में आए वॉर्नर

वॉर्नर ने इस नियम को लेकर राय व्यक्त करते हुए एक वेबसाइट से कहा, इंपैक्ट प्लेयर नियम होने से टीम में 12 खिलाड़ी खेलते हैं इसलिए आपको पांच विदेशी खिलाड़ियों को प्लेइंग-11 में शामिल होने की मंजूरी देनी चाहिए। अगर आप 12 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे हैं तो यह मदद करेगा क्योंकि इससे आप छह गेंदबाजों के साथ उतर सकते हैं और इससे इंपैक्ट के तौर पर ऑलराउंडर की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन वे ऐसा कर रहे हैं और बल्लेबाजी ऑलराउंडर को जगह मिल रही है। मुझे लगता है कि यह खेल के लिए अच्छा है।

#### रोहित ने इंपैक्ट प्लेयर नियम का किया था विरोध

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है और इससे भारतीय क्रिकेट को कोई फायदा नहीं होने वाला है। रोहित ने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान कहा था, मैं इंपैक्ट नियम का बड़ा फैन नहीं हूं। यह नियम ऑलराउंडर खिलाड़ियों को पीछे धकेलने वाला है। आमतौर पर क्रिकेट 11 खिलाड़ियों के साथ खेलने वाला खेल, 12 नहीं। आप वैसे ही मैच से लोगों का



काफी मनोरंजन करते हैं। अगर आप इससे क्रिकेट पर पड़ने वाले एक प्रभाव की बात करें तो मुझे लगता है कि शिवम दुबे और वॉशिंगटन सुंदर को गेंदबाजी नहीं मिल रही है जो हमारे लिए अच्छी चीज नहीं है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि आप इससे क्या हासिल करेंगे।

#### आईपीएल में खेलना जारी रखेंगे वॉर्नर

वॉर्नर दो प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं और उन्होंने कहा कि वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि वह आईपीएल में खेलना जारी रखेंगे और अगले साल फिर इस टूर्नामेंट के लिए भारत लौटेंगे।

## सहवाग ने सैम करन की जमकर आलोचना की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के स्टैंड-इन कप्तान सैम करन की टीम में भूमिका पर सवाल उठाया। पंजाब किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर गुजरात से 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा जो इस सीजन टीम की छठी हार है। सहवाग की यह टिप्पणी पीबीकेएस को कम स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में गुजरात जाइंट्स के हाथों हार झेलने के बाद आई। करन ने 19 गेंदों में 20 रन बनाए और अपने दो ओवरों में 18 रन देकर एक विकेट लिया। सहवाग ने कहा, अगर मैं पीबीकेएस डगआउट में होता, तो मैं उसे अपनी टीम में नहीं चुनता, न तो बल्लेबाजी ऑलराउंडर के रूप में और न ही गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में।

वो खिलाड़ी किसी काम का नहीं अगर वह थोड़ी गेंदबाजी और थोड़ी बल्लेबाजी कर सकता है। या तो आप ठीक से बल्लेबाजी करें और हमें मैच जिताएं, या फिर अपनी गेंदबाजी से हमें जिताएं। मुझे यह छोटे-छोटे हिस्से में बंटे खिलाड़ी समझ में नहीं आते। इस सीजन में करन का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। उन्होंने 8 पारियों में 116.03 की स्ट्राइक रेट से केवल 152 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम एक अर्धशतक भी शामिल है। गेंदबाजी के मामले में उन्होंने 8 मैचों में 8.79 की इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए हैं।

### रॉबिन उथप्पा ने कर दी बड़ी भविष्यवाणी

## शुभमन गिल करेंगे भारतीय टीम की कप्तानी...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल को लेकर एक बड़ी भविष्यवाणी की है। उथप्पा का कहना है कि गिल निकट भविष्य में भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे।



बता दें कि 24 वर्षीय गिल आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस (जीटी) की कमान संभाल रहे हैं। जीटी ने रविवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ करीबी मुकाबले में तीन विकेट से जीत दर्ज की। बौतर ओपर उतरे गिल ने 29 गेंदों में 35 रन की अहम पारी खेली, जिसमें पांच चौके शामिल हैं।

उथप्पा ने गिल को भारतीय क्रिकेट के लिए एक गिफ्ट करार दिया। उन्होंने जियो सिनेमा से कहा, मुझे लगता है कि वह इंडियन क्रिकेट के लिए एक गिफ्ट है।

वह ऐसा खिलाड़ी है जो भारतीय क्रिकेट जगत में एक सर्वकालिक महान खिलाड़ी के रूप में परिपक्व हो रहा है। हमने उन्हें सफल होते देखा। हम उन्हें एक बहुत ही शानदार लीडर के रूप में विकसित होते हुए देख रहे हैं, जो ना केवल अपनी आईपीएल टीम का नेतृत्व करेगा बल्कि मुझे लगता है कि निकट भविष्य में भारतीय टीम का भी नेतृत्व करेगा।

# तीसरे टी20 में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को चटाई धूल

### 7 विकेट से दी शिकस्त, मार्क चैपमैन बने कहर

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज़ का तीसरा मुकाबला रविवार (21 अप्रैल) को रावलपिंडी में खेला गया. सीरीज़ के तीसरे मैच में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को 7 विकेट से धूल चटा दी. दूसरा टी20 गंवाने वाली न्यूज़ीलैंड ने तीसरे मैच में बदला लेते हुए पाकिस्तान को उन्हीं के घर पर रौंद दिया. न्यूज़ीलैंड को जीत दिलाने में मार्क चैपमैन ने अहम भूमिका अदा की, जिन्होंने 207.14 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी करते हुए 87* रन बनाए. न्यूज़ीलैंड ने मुकाबले में टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया. पहले बैटिंग के लिए उतरी पाकिस्तान टीम ने 20 ओवर में 178/4 रन बोर्ड पर लगाए. टीम के लिए शादाब खान ने 20



गेंदों में 40 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. इस दौरान न्यूज़ीलैंड के लिए ईश सोढ़ी ने सबसे ज़्यादा विकेट झटके.

#### लक्ष्य हासिल कर आसानी से जीती न्यूज़ीलैंड

179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूज़ीलैंड ने बड़ी ही आसानी से 18.2 ओवर में 3 विकेट पर जीत हासिल कर ली. ओपनिंग पर उतरे टिम सेफर्ट और टिम रॉबिन्सन ने न्यूज़ीलैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई. दोनों ने पहले विकेट के लिए 42 (30) रनों की साझेदारी की. कीवी टीम को पहला झटका टिम सेफर्ट के रूप में लगा, जो 5वें ओवर में अब्बास अफरीदी की गेंद पर बोल्ड हुए. सेफर्ट ने 16 गेंदों में 1 चौका और 1 छक्का लगाकर 21 रन बनाए. फिर छठे ओवर में नसीम शाह ने टिम रॉबिन्सन को बोल्ड कर दिया. रॉबिन्सन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाए, जिसमें 5 चौके शामिल रहे. इसके बाद मार्क चैपमैन और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने तीसरे विकेट के लिए 117 (68) रनों की शानदार साझेदारी कर मैच को न्यूज़ीलैंड के पक्ष में डाल दिया. यहां से टीम को चौथा झटका 18वें ओवर में लगा, जब फॉक्सक्रॉफ्ट 29 गेंदों में 1 चौके और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाकर पवेलियन लौटे. फिर इसके बाद मार्क चैपमैन और जेम्स नीशम ने चौथे विकेट के लिए 9* रनों की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत की लाइन पार करवाई. इस दौरान चैपमैन ने 42 गेंदों में 9 चौके और 4 छक्कों की मदद से 42 रन स्कोर किए.

# आईपीएल प्लेऑफ से बाहर हुई आरसीबी?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में रविवार (21 अप्रैल) तक 37 मैच खेले जा चुके हैं. इसी दिन कोलकाता नाइट राइडर्स (च्यत्र) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया. इस मैच में केकेआर ने आखिरी बॉल पर 1 रन से जीत दर्ज की. यह इस सीजन में विराट कोहली की टीम आरसीबी की 8 मैच में 7वीं हार है. साथ ही आरसीबी ने लगातार अपना छठा मैच गंवाया है. इस टीम की हालत इतनी बुरी है कि वो अभी पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे यानी 10वें पायदान पर है. इन्हीं सब सवालों के जवाब में फैन्स के लिए थोड़ी निराशा वाली बात सामने आती है. दरअसल, अब यहां आरसीबी अपने बाकी बचे सभी 6 मैच और जीत लेती है, तो उसके कुल 14 पॉइंट्स हो जाएंगे. ऐसे में आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना एकदम नामुमकिन की तरह नजर आ रहा है.

**अब यही एक चमत्कार आरसीबी को बचा सकता है!**

इसकी बड़ी वजह है कि आईपीएल में 2022 सीजन से 10 टीमें खेल रही हैं. तभी से प्लेऑफ में कभी भी कोई टीम 14 अंक के साथ प्लेऑफ में नहीं पहुंची है. सबसे नीचे यानी चौथे नंबर की टीम के भी 16 अंक रहे हैं. मगर आसीबी को चमत्कार की दरकार जरूर रहेगी. यदि बाकी टीमें अपने मैच हारती हैं और समीकरण चौथे नंबर की टीम के लिए 14 अंक पर लाकर खड़ा करता है, तब कहीं जाकर आरसीबी की उम्मीदें बन सकती हैं. उसके लिए भी आरसीबी को अपने बचे हुए बाकी मुकाबलों को अच्छे अंतर से जीतकर नेट रनरेट अच्छा रखना होगा. मगर इसकी उम्मीद बेहद ही कम नजर आ रही है.



## छाती ठोक के कहूंगा नॉट आउट, विराट के विवादित विकेट पर नवजोत सिद्धू का बयान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली आईपीएल 2024 के मैच नंबर 36 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जिस तरह आउट हुए, वह लगातार चर्चाओं में बना हुए है. कोहली फुलटॉस गेंद पर आउट हुए, जिसे कुछ लोग नो बॉल बता रहे हैं. अब नवजोत सिंह सिद्धू ने इस विकेट को लेकर अपनी बात रखी. सिद्धू ने कहा कि छाती ठोक के कहूंगा कि नॉट आउट है. उन्होंने बताया कि गेंद जब बल्ले पर लगी थी, तब करीब डेढ़ फुट ऊपर थी. बता दें कि हर्षित राणा की स्लोअर गेंद पर विराट कोहली कॉटन बोल्ड हुए थे. हार्षित ने जिस तरह की गेंद फेंकी थी वह देखने में तो नो बॉल लग रही थी, लेकिन जब थर्ड अंपायर ने चेक किया तो यह लीगल गेंद मानी गई और कोहली को आउट करार दिया गया. यह वाक़या कोलकाता और बेंगलुरु के बीच खेले गए मैच की दूसरी पारी के दौरान तीसरे ओवर की पहली गेंद पर हुआ था, जब आरसीबी बैटिंग कर रही थी.



# अवैध रेत उत्खनन की सूचना पर केन नदी पहुंचे कलेक्टर

## सूचना हुई लीक, यूपी सीमा पर पहुंच गई मशीनें, अवैध रेत से लोड 3 ट्रक जप्त

**पन्ना।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान भी अजयगढ़ तहसील अंतर्गत केन नदी में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन धड़ल्ले से जारी है। लगातार मिल रही सूचनाओं और शिकायतों के बाद भी खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस के द्वारा कार्रवाई के नाम पर केवल खाना पूर्ति की जा रही है। 21 अप्रैल 2024 को अवैध रेत उत्खनन की सूचना पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार स्वयं मौके पर पहुंचे लेकिन सूचना लीक हो गई जिससे रेत माफियाओं के द्वारा लगभग आधा दर्जन एलएनटी, पोकलेन एवं जेसीबी मशीनों को उत्तर प्रदेश की सीमा में पहुंचा दिया गया जिससे कलेक्टर चाह कर भी कोई कार्यवाही नहीं कर सके। अजयगढ़ एसडीएम कुशल सिंह गौतम से प्राप्त जानकारी के अनुसार मौके पर केवल 3 अवैध रेत से लोड ट्रक जप्त कर चंदौरा चौकी पुलिस को सुपुर्द किए गए हैं।



सूत्रों के अनुसार अवैध उत्खनन की शिकायत मिलने पर कलेक्टर सुरेश कुमार के द्वारा राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम के साथ चांदीपाठी, भीना और जिगनी रेत खदान का निरीक्षण किया गया जहां बिना ठेका के ही रेत माफियाओं के द्वारा खुलेआम दिन दहाड़े एलएनटी, पोकलेन, जेसीबी आदि मशीनों से रेत का उत्खनन कर रेत को ट्रकों एवं डंफरों में लोड किया जा रहा था, कलेक्टर के द्वारा मौके पर रेत माफिया के द्वारा नदी की धारा को रोक कर बनाए गए अस्थाई पुलों को भी देखा गया और शीघ्र नष्ट करने के निर्देश दिए गए। बताया गया है की पन्ना जिले में रेत माफिया की जड़ें इतनी मजबूत हो चुकी हैं कि खनिज विभाग से लेकर राजस्व विभाग और पुलिस विभाग तक में रेत माफिया के कुछ गोपनीय हितैषी जमे हुए हैं जो कार्रवाई करने पहुंचने वाली प्रशासनिक टीम की जानकारी पहले से ही रेत माफिया को दे देते हैं जिससे रेत माफिया मशीनों को पन्ना जिले की सीमा से बाहर पहुंचा देते हैं जिससे प्रशासनिक अधिकारी हाथ मलते रह जाते हैं। ऐसे में सवाल यह उठ रहे हैं कि रेत माफिया और जिला प्रशासन के बीच लुका छिपी और आंख मिचौली का यह खेल कब तक चलेगा। क्योंकि एक ओर बिना ठेका के रेत का अवैध उत्खनन कर मध्य प्रदेश शासन को प्रतिदिन लाखों रुपए के राजस्व की चपत लगाई जा रही है तो वहीं दूसरी ओर नदी की धारा को रोक कर रेत के उत्खनन से नदी के अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है। इसके अलावा निर्माण कार्यों के लिए लोगों को चैगुने दामों में रेत खरीदने को मंजूर होना पड़ रहा है। जिससे न केवल शासकीय निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का भी बजट बिगड़ रहा है। अब देखना यह होगा कि पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील अंतर्गत केन नदी में रेत माफिया का तांडव कब तक जारी रहता है।

## छतरपुर के तीन कांग्रेस नेताओं ने ली भाजपा की सदस्यता



**पन्ना।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बी.डी. शर्मा की उपस्थिति में अमानगंज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छतरपुर जिले के तीन कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा की सदस्यता ग्रहण की गई है जिसमें कुशवाहा महासभा के पूर्व अध्यक्ष तथा सरपंच बबलू कुशवाहा जिला महामंत्री, जीतेन्द्र सिंह पटेल तथा बीरेन्द्र पटेल सरपंच गोमा ग्राम पंचायत द्वारा भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है इस दौरान गुनौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश वर्मा पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह परमार बृजेन्द्र सिंह बुन्देला कुशवाहा समाज के प्रभारी रमेश कुशवाहा प्रिंस बुन्देला सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## भितरी मुटमुरू के सरपंच अशोक यादव के घर पहुंचे सांसद बी.डी. शर्मा

**पन्ना।** कल्दा प्रवास के दौरान भितरी मुटमुरू पहुचे क्षेत्री सासंद तथा लोकसभा प्रत्याशी बी.डी. शर्मा अशोक यादव के घर पहुंचे तथा उन्होंने मुलाकात की इस दौरान सरपंच श्री यादव ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा भाजपा को जिताने की बात कही।

# पानी की तलाश में जंगल छोड़ गांव में विराजे वनराज, ग्रामीणों में दहशत

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व के एक बाघ का जंगलों से मोहभंग हो गया है शायद इसी वजह से यह बाघ जंगलों को छोड़ रिहायशी इलाकों की ओर पहुंचकर दिन और रात डेरा जमाये रहता है। पन्ना टाइगर रिजर्व के पन्ना रेंज अंतर्गत रामपुरा से लगे ग्राम डोभा, इटवांकला व बराछ सहित लगभग दर्जन भर ग्रामों के लोग बाघ की चहल कदमी से दहशत में हैं। 21 अप्रैल को यह बाघ ग्राम डोभा से लगे बड़बीला बांध के दूसरे पार ग्राम बराछ पहुंच गया जहां पंचवटी के पास बड़बीला बांध में लोगों ने इसे पानी पीते देखा जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। बताया गया है कि ग्राम बराछ के आसपास दर्जन भर से अधिक गांव लगे हैं। सूचना मिलते ही फिर पन्ना टाइगर रिजर्व के अधिकारी कर्मचारी और हाथियों का दल मौके पर पहुंच गया एवं बाघ को ट्रेंकुलाइज करने के लिए शाम होने का इंतजार किया जा रहा है। यहां बाघ की चहल कदमी लगभग महीने भर से बताई जा रही है। पहले तो ग्रामीण इसे



अफवाह समझते रहे लेकिन जब 10-11 अप्रैल की रात बाघ ने ग्राम डोभा के पास नाले के बगल में एक किसान के बैल का शिकार किया जिसे ग्रामीणों ने अपनी आंखों से देखा। सुबह तक आसपास के कई ग्रामों में सूचना पहुंच गई। सैकड़ो लोग मौके पर पहुंच गए, सूचना मिलते ही फॉरेस्ट टीम भी मौके पर पहुंची और हाथियों की टीम बुलाकर शाम होने के बाद बाघ को जंगल की ओर खदेड़ दिया गया। लेकिन दूसरे दिन इस बाघ के फिर गांव के आसपास देखे जाने की खबर मिली, इस प्रकार बाघ के गांव के आसपास मूवमेंट से लोग दहशत में हैं। गांव के लोगों ने बताया कि अब तक यह बाघ ग्रामीणों के लगभग दर्जन भर से अधिक पालतू पशुओं बैल गाय भैंस आदि को शिकार बन चुका है ग्रामीणों का कहना है कि रात्रि में खेतों की रखवाली एवं पशुओं को हांकने का काम करने वाले ग्रामीणों को बाघ से खतरा हो सकता है। ग्रामीणों के द्वारा मीडिया के माध्यम से पन्ना टाइगर रिजर्व के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन से बाघ को गांव से दूर रखने हेतु ठोस प्रयास की अपेक्षा की गई है ताकि ग्रामीण किसान एवं उनके पालतू पशु सुरक्षित रहें।

## सिमराकला के पूर्व सरपंच के खिलाफ न्यायालय द्वारा हत्या का मामला दर्ज करने के दिये आदेश

**पन्ना।** जिले के सुनवानी थानान्तर्गत ग्राम सिमराकला में लगभग 5 वर्ष पूर्व महिला द्वारा महिला ममता चौधरी द्वारा मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली गई थी जिसका मुख्य कारण था सरपंच द्वारा मृतक महिला का मकान अतिक्रमण के नाम पर गिरवा दिया गया था जिसको लेकर उक्त महिला द्वारा मिट्टी तेल डालकर अपने आप को आग के हवाले कर दिया था। उक्त मामले में पुलिस ने जांच उपरांत आरोपित तत्कालीन सरपंच नातीराजा उर्फ रिसी राज सिंह पिता भानू प्रताप सिंह पुत्र निवासी सिमराकला के विरूद्ध धारा 302 एवं धारा 3(2)(5) अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था लेकिन तत्कालीन सरपंच द्वारा राजनैतिक दांव पैंच लगाकर मामले में जांच उपरांत पुलिस ने संबंधित को दोषी करार नहीं दिया था तथा उक्त प्रकरण माननीय न्यायालय में विचारण हेतु चलता रहा। जिस पर माननीय विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट आर पी सोनकर द्वारा मामले में सबूत तथा साक्षों को देखते हुये उपरोक्त प्रकरण में आरोपित को अपराधी मानते हुये संबंधित के खिलाफ धारा 302 एवं धारा 3 (2)(5) अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है तथा संबंधित की गिरफ्तारी वारंट जारी किये जाने के आदेश देते हुये उपस्थिति हेतु 10 मई को पेश होने का आदेश दिया है।

# अबुधाबी में खेल का जौहर दिखायेंगे पन्ना के खिलाड़ी

**पन्ना।** बाघों की दहाड़ और नायाब हीरों के लिए, दुनियां भर में पहचाने जाने वाले पन्ना जिले में प्रतिभाओं की भी कोई कमी नहीं है। जिसका पर्याय शहर के दो होनहार खिलाड़ी है। पन्ना के मार्शल आर्ट प्रशिक्षक इरफान उल्ला खान और हर्षिता विश्वकर्मा ने अपने कठिन परिश्रम के बल पर आज जिले को गौरवंित होने का मौका दिया है। इरफान और हर्षिता का चयन भारतीय जु-जित्सु मार्शल आर्ट टीम में हुआ है। यह खेल एशियन गेम्स, एशियन बीच गेम्स, एशियन इण्डोर गेम्स, वर्ल्ड गेम्स, वर्ल्ड पुलिस एण्ड फायर गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स, भारतीय खेल प्राधिकरण में शामिल है। जु-जित्सु




खेल के प्रति पूर्ण समर्पण और देश के लिए मेडल जीतने की ललक ने इन दोनों खिलाडियों को अपने सपने पूरे करने का अवसर दिया है, जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विनय कुमार जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 से 9 मई तक युनाईटेड अरब अमीरात यूएई के आबूधाबी में 8 वीं एशियन जु-जित्सु चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भारत सहित 39 देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता के लिए भारतीय दल पूरी तरह तैयार है। 35 सदस्यीय भारतीय दल में 32 खिलाड़ी एवं 2 कोच 1 टीम मैनेजर प्रतियोगिता के लिए, 29 अप्रैल को रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि भारतीय दल का चयन विभिन्न भार वर्ग में किया जा चुका है। गौरतलब है कि इस भारतीय दल में मध्यप्रदेश के 7 खिलाड़ियों सहित पन्ना के दो खिलाडियों को स्थान मिला है। -69 किलो भार वर्ग में पन्ना के इरफान उल्ला खान एवं -45 किलोग्राम भार महिला वर्ग में पन्ना की हर्षिता विश्वकर्मा देश के लिए मेडल जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेंगी। जिला जु-जित्सु संघ पन्ना के अध्यक्ष लॉरेंस एट्स ने पन्ना के खिलाडियों को भारतीय टीम में स्थान मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह खिलाड़ियों की व्यक्तिगत मेहनत का परिणाम है। उन्होंने दोनों खिलाडियों को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं भारतीय जु-जित्सु संघ के महासचिव शिहान अमित अरोड़ा, जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष सैंसाई विजेन्द्र खरसोदिया, जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश रोहणी कलम, पहलवान सिंह संरक्षक फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना, नईम खान संचालक चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्ना, महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा अध्यक्ष जिला वुशू संघ पन्ना, बलराम सेन, तरूण पाठक, सैफ उल्ला, अमित गुप्ता, पवन पाठक, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव ने सभी खिलाडियों को उनके चयन पर बधाई दी है।

## कीरतपुर के सरपंच ने कन्याओं को दिये विवाह में उपहार



**पन्ना।** अजयगढ जनपद पंचायत अंतर्गत कीरतपुर के सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में कन्याओं के विवाह होने पर लगातार उपहार प्रदान किये जाते है इस वर्ष भी सरपंच श्रीमती बबिता रामबाबू गौतम द्वारा क्षेत्र में कन्याओं को विवाह होने पर उपहार प्रदान किये गये जिसमें फ्रिज, कूलर, अलमारी सहित गृहस्थी का सामान प्रदान किया गया।

# दिव्यांगों को नहीं मिल रहा होम वोटिंग सुविधा का लाभ

## बीएलओ एवं पंचायत कर्मियों की घोर लापरवाही का परिणाम

**पन्ना।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने शासन प्रशासन एवं निर्वाचन आयोग के द्वारा नित नए प्रयास किए गए हैं। इसके साथ ही बुजुर्गों और दिव्यांगों की समस्याओं से बचाने के उद्देश्य से होम वोटिंग की सुविधा प्रारंभ की गई है। जिसके तहत चिन्ह एवं इच्छुक दिव्यांगों व बुजुर्गों के घर पहुंच कर मतदान कर्मियों के द्वारा मतदान करवा लिया जाता है। लेकिन पन्ना जिले के कुछ लापरवाह मतदान कर्मियों एवं बीएलओ के द्वारा दिव्यांगों एवं बुजुर्गों के अधिकारों का हनन



किया जा रहा है। मामला पन्ना जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम झरकुआ का सामने आया है जहां दर्जन भर से अधिक दिव्यांग होने के बावजूद केवल एक या दो दिव्यांगों को ही होम वोटिंग की सुविधा मिलने की बात सामने आई है। दोनों पैरों से लाचार एवं कमर से पूरी तरह से दिव्यांग रामलाल अहिरवार ने बताया कि वह चलने फिरने में पूरी तरह से असमर्थ है होम वोटिंग की सुविधा के बारे में पता चलने पर उसे प्रसन्नता हुई थी कि अब वह बिना कठिनाई के अपने घर पर ही मतदान कर सकेगा लेकिन घर में कोई मतदान कर्मी नहीं आया, बीएलओ से संपर्क करने पर पता चला कि रामलाल अहिरवार का नाम सूची में नहीं था, सूची बनाने की जिम्मेदारी के बारे में पूछने पर बीएलओ दुर्गा प्रसाद प्रजापति के द्वारा टालमटोल की गई। बताया गया है कि पंचायत में दर्जन भर से अधिक अधिक दिव्यांग हैं जिनमें केवल 2 दिव्यांगों सुक्की कोरी और अनीता बर्मन को ही होम वोटिंग की सुविधा मिल पाई है। ऐसे में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्वाचन आयोग और शासन प्रशासन की मंशा कैसे पूरी होगी यह सवाल खड़े हो रहे हैं।

## सोशल मीडिया में पवई विधायक प्रहलाद लोधी के लिए अभद्र टिप्पणी करने वाले रोजगार सहायक को नोटिस

**पन्ना।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान पवई विधायक प्रहलाद लोधी के लिए फिजिकली और बाई कास्ट आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले नवीन उर्फ नीरज पाठक ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत सिमरिया गुलाब सिंह जनपद पंचायत पवई को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पवई के द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी कर अति शीघ्र जवाब मांगा गया है। संतुष्टीजनक जवाब नहीं मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# 22 वर्षों से चल रही मां शीतला माता के दो दिवसीय अखंड कीर्तन का हुआ समापन

**पन्ना।** जिला मुख्यालय के कुंजवन में 22 वर्ष पूर्व स्थानीय ग्राम वासियों द्वारा माता शीतला माता मंदिर में 48 घंटे की अखंड नाम संकीर्तन का आयोजन का सुभारंभ किया गया था इसी कड़ी में विगत दो दिवसीय अखंड नाम संकीर्तन का आयोजन स्थानीय लोगों द्वारा किया गया। जिसका भव्य समापन गत दिनांक 20 अप्रैल 2024 को किया गया। 48 घंटे की अखंड नाम संकीर्तन के समापन पर बांग्ला भाषा में संकीर्तन करने वाले जिन गायकों को आमंत्रित किया गया उनके द्वारा रात्रि में भजन कीर्तन से लोगों का दिल जीत लिया गया है संकीर्तन के समापन अवसर पर



स्थानीय ग्राम वासियों द्वारा विशाल भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के दर्जनों गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय ग्राम वासियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी अनिमेष चंद, अधिवक्ता सुभाष विश्वास, सुजीत अधिकारी, मोरू साह, तपन सरकार, सपन मंडल, विमल मंडल , राकेश मिस्त्री, राजेश मिस्त्री द्वारा दी गई है।

# मतदान के लिए 12 वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र निर्धारित

**पन्ना**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं द्वारा मतदाता परिचय पत्र के अतिरिक्त भी 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज में से कोई एक परिचय पत्र प्रस्तुत कर मताधिकार का उपयोग किया जा सकेगा। इनमें आधार एवं मनरेगा जॉब कार्ड सहित बैंक व डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार का यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। उल्लेखनीय है कि खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए शुक्रवार, 26 अप्रैल को जिले के 901 मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

## 25 एवं 26 अप्रैल को एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन ही समाचार पत्रों में हो सकेंगे प्रकाशित

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र में द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के लिये विशेष व्यवस्था दी गई है। नियमानुसार प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल-आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा।

# महिला सरपंच ने दो कन्या के विवाह में एक्कीस-इक्कीस हजार की राशि प्रदान की

**पन्ना।** गुनौर जनपद पंचात अंतगत ग्राम पंचायत बरहाकला की सरपंच उर्मिला जीतेन्द्र सिंह के द्वारा सरपंच लड़ने के समय घोषणा की गई थी कि पंचायत अंतर्गत मेरे द्वारा कन्यादान योजना के तहत अपनी ग्राम पंचायत में होने वाली कन्याओं के विवाह में प्रत्येक कन्या विवाह में इक्कीस-इक्कीस हजार रूपये दिये जायेंगे उसी के तहत 20 अप्रैल को रजनी पटेल पिता रामचरण पटेल ग्राम बरहा तथा पूजा राजा पिता चतुर सिंह गाम जमुनिया तथा सेल कुमारी पिता संतोष अहिरवार ग्राम




जमुनिया तीनों को इक्कीस-इक्कीस हजार रूपये की राशि प्रदान करते हुये आर्शीवाद दिया है। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य है कि मेरे द्वारा जो कन्या विवाह के लिये घोषणा की गई थी वह सतत चलती रहे। उन्होंने अभी तक 21 कन्याओं के विवाह में उक्त राशि प्रदान की है। सरपंच द्वारा किये जा रहे उक्त पुनीत कार्य की क्षेत्र भर में प्रशंसा हो रही है तथा लोग सरपंच को दुआऐं दे रहे है।

## विलंब से बैंक खाता खोलने पर नोटिस जारी

**पन्ना।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी खजुराहो संसदीय क्षेत्र द्वारा लोकसभा निर्वाचन के व्यय लेखा के लिए पृथक से बैंक खाता विलंब से खुलवाने पर दो अभ्यर्थियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के तहत नोटिस जारी किया गया है।

# 584 बुजुर्ग एवं 219 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से किया मतदान

**पन्ना**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक निःशक्तता वाले दिव्यांग मतदाताओं को घर से सुगमतापूर्वक मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाई गई थी। जिले में मतदान दल द्वारा प्रथम एवं द्वितीय भ्रमण में क्रमशः गत 15 एवं 20 अप्रैल को घर-घर पहुंचकर ऐसे मतदाताओं को मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिले के सभी तीन विधानसभा क्षेत्रों के अनुपस्थित श्रेणी के 813 में से 803 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। इनमें 584 बुजुर्ग और 219 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी डाक मतपत्र समीक्षा जैन ने बताया कि 5 बुजुर्ग मतदाताओं की मृत्यु एवं 4 बुजुर्ग मतदाता स्थाई रूप से अन्यत्र निवास करने के कारण मतदान नहीं कर सके हैं। एक दिव्यांग मतदाता द्वारा भी अन्यत्र शिफ्ट होने के कारण मतदान नहीं किया जा सका। पवई विधानसभा में 85 वर्ष से अधिक आयु के 116, गुनौर विधानसभा में 144 और पन्ना विधानसभा में 324 मतदाताओं ने घर से वोट डाला, जबकि पवई विधानसभा में 53, गुनौर में 84 और पन्ना विधानसभा में 82 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान किया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, मंगलवार 23 अप्रैल 2024 | 8


लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। स्वीप गतिविधि के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।




कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों की तैयारियों की समीक्षा की

## सभी मतदान केन्द्रों में प्राथमिक जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने मतदान केन्द्रों की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में बिजली कनेक्शन के साथ-साथ प्रकाश के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करें। उपलब्धता के अनुसार जनरेटर, रिचार्जेबल लैम्प, चार्ज होने वाले बल्व की व्यवस्था कराएं। मतदान केन्द्रों की साफ-सफाई कराकर वहाँ मतदान दल के ठहरने और भोजन की उचित व्यवस्था करें। गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मतदान केन्द्र में एक कूलर की भी अनिवार्यतः व्यवस्था कराएं। मतदान केन्द्रों में चालू हालत में




साफ शौचालय होने चाहिए ताकि मतदान दल कर्मियों को परेशानी न हो। मतदान केन्द्र में मतदान कर्मियों के लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था रहे। इसके साथ ही मतदान केन्द्र परिसर में टैंकर भी रखवाया जाए ताकि मतदाताओं को पानी की सुविधा हो। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर छाया के लिए टेंट की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि यदि किसी भी मतदान केन्द्र में जरूरी व्यवस्थाओं में कमी की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जनपद के सीईओ प्रत्येक मतदान केन्द्र पर आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए मतदान पूरा होने तक एक कर्मचारी तैनात रखें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान दिवस पर मतदान दल कर्मियों को प्रदाय की जाने वाली सामग्री में मेडिकल किट भी रखवाई गई है। इसके अतिरिक्त सभी चिकित्सक एआरओ के संपर्क में रहें ताकि चिकित्सा संबंधी किसी भी जरूरत पर वह तत्काल संबंधित मतदान दल के पास तक पहुंच सकें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि मतदान सामग्री वितरण केन्द्र में एंबुलेंस के साथ चिकित्सकों का दल तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त मतदान दल कर्मियों के लिए मेडिकल किट में रखी गई दवाईयों के उपयोग के संबंध में भी जानकारी दी गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने जनपद के सीईओ से प्रत्येक मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

## मतदाता की पहचान के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्र मान्य

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। मतदाता की पहचान सुनिश्चित होने के बाद ही उसे मतदान का अवसर मिलेगा। मतदाता सूची में नाम शामिल होने पर मतदाता अपने मतदाता पहचान पत्र से मतदान का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। मतदाता पहचान पत्र के अलावा निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्रों को मान्यता दी गई है। इनमें से किसी एक का उपयोग करके मतदाता की पहचान सुनिश्चित हो जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र को मान्य किया गया है।

## मतदान सामग्री का वितरण व वापसी व्यवस्थित ढंग से निर्धारित समय पर संपन्न हो : जिला निर्वाचन अधिकारी

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। मतदान सामग्री शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा से 25 अप्रैल को वितरित की जाएगी। मतदान सामग्री के वितरण एवं वापसी के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विधानसभावार ड्यूटी लगाई गई है जिन्हे आज शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि मतदान सामग्री का वितरण व वापसी व्यवस्थित ढंग से नियत समय पर संपन्न हो इसके लिए नियुक्त अधिकारी और कर्मचारी पूरी सजगता व गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि मतदान सामग्री का समय पर वितरण हो जाने से मतदान दल निर्धारित मतदान केन्द्रों में नियत समय पर पहुंच जाएंगे और मतदान से पूर्व अपनी व्यवस्थाएं कर लेंगे।



उन्होंने कहा कि मतदान सामग्री वितरण के समय अधिकारी दी जाने वाली ईव्हीएम व अन्य सामग्री को व्यवस्थित ढंग से काउंटर से वितरित कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अधिकारी गंभीरता से अध्ययन कर लें तथा प्रशिक्षण में बताई गई बारीकियों को समझें ताकि वितरण कार्य में परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि मतदान के उपरांत सामग्री की वापसी में भी पूरी तत्परता बरती जाए तथा आने वाली सामग्री को निर्धारित स्थानों में व्यवस्थित ढंग से रखवाया जाए ताकि नियत समय पर स्ट्रांग रूम बंद हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को सामग्री वितरण व वापसी स्थल पर निर्धारित समय में उपस्थित होने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने विधानसभावार बनाए गए वितरण एवं वापसी काउंटर के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा वितरण एवं वापसी कार्य में लगे अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रमाणन के बाद ही मतदान दिवस तथा एक दिन पहले प्रकाशित होंगे विज्ञापन

**रीवा**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदान से दो दिन पूर्व सभी तरह का चुनाव प्रचार बंद हो जाता है। उम्मीदवार अथवा राजनैतिक दल मतदान के दिन 26 अप्रैल तथा एक दिन पूर्व 25 अप्रैल को मतदान की अपील प्रकाशित करा सकते हैं। प्रिंट मीडिया के इन सभी विज्ञापनों को जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी से प्रमाणन कराना आवश्यक होगा। उम्मीदवार विज्ञापन प्रकाशन से दो दिवस पूर्व समिति को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन देकर उसका प्रमाणीकरण कराएं। प्रमाणीकरण के बाद ही विज्ञापन का प्रकाशन किया जा सकता है। इस संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिला स्तरीय समिति 24 घंटे की समय सीमा में विज्ञापन का प्रमाणीकरण करके उम्मीदवार को उपलब्ध कराएगी। बिना प्रमाणन के विज्ञापन प्रकाशित कराने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## सोशल मीडिया पर भी नहीं होगा चुनाव प्रचार

**रीवा।** रीवा संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार की अवधि 24 अप्रैल को शाम 6 बजे समाप्त हो रही है। इस अवधि के बाद प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी चुनाव प्रचार प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि कोई भी उम्मीदवार अथवा राजनैतिक दल 24 अप्रैल को शाम 6 बजे के बाद सोशल मीडिया पर वाइस मैसेज, फोन काल अथवा सामान्य एसएमएस भेजकर चुनाव प्रचार अथवा मत की याचना न करें। ऐसा करना निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

## मतदान केन्द्र में मोबाइल फोन का उपयोग रहेगा प्रतिबंधित

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 में 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान कराने के लिए सभी मतदान केन्द्रों में पूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गयी हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदान केन्द्र के अंदर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारियों के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट तथा कैमरे का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 132 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मतदान केन्द्र में केवल निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग आफीसर तथा पीठासीन अधिकारी ही आवश्यकता होने पर मोबाइल फोन का उपयोग कर सकेंगे। मतदाता तथा अन्य व्यक्ति मतदान केन्द्र में मोबाइल फोन लेकर न आये। मोबाइल फोन के साथ मतदान केन्द्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मीडिया कर्मियों को प्राधिकृत पत्र जारी किये गये हैं। इस प्रवेश पत्र के साथ ही मीडिया कर्मी मतदान परिसर में प्रवेश कर सकेंगे। मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी के निर्देशों के अनुसार ही कार्य संपादन की अनुमति होगी। मीडिया कर्मी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कव्हरेज करते समय किसी भी स्थिति में मतदान की गोपनीयता भंग न हो तथा मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। मीडिया कर्मी मतदान केन्द्र के 100 मीटर के परिधि के बाहर ही किसी व्यक्ति या मतदाता का इंटरव्यू ले सकेगे। निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का पालन करते हुए सभी पत्रकार निर्वाचन कार्य का कव्हरेज करेंगे।

## मॉकपोल के बाद शुरू होगा वास्तविक मतदान

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 में 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान के लिए व्हीव्हीपैट ईव्हीएम का उपयोग किया जा रहा है। वास्तविक मतदान शुरू होने से 90 मिनट पहले मॉकपोल कराया जायेगा। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि सभी पीठासीन अधिकारी प्रातः 7 बजे वास्तविक मतदान शुरू होने से पहले मॉकपोल या दिखावटी मतदान की प्रक्रिया पूरी करेंगे। ईव्हीएम को वोटिंग के लिए तैयार करके उम्मीदवारों के एजेंटों की उपस्थिति में प्रत्येक उम्मीदवार के नाम के सामने के बटन से एजेंटों से मतदान करायें। मतदान पूरा होने के बाद कुल मत पत्रों का योग तथा परिणाम एजेंटों को दिखायें। इसके बाद सभी मत क्लियर करके कंट्रोल यूनिट को वास्तविक मतदान के लिए सील बंद करें। मॉकपोल में दर्ज मत वास्तविक मतदान से पहले आवश्य क्लियर कर दें। मॉकपोल की प्रक्रिया डेढ़ घण्टे पहले प्रारंभ होगी। अगर पोलिंग एजेंट समय पर उपस्थित नहीं होते हैं तो 10 मिनट प्रतीक्षा करके मतदाताओं की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया पूरी करायें।

## मतदाता जागरूकता अभियान आओ हम मतदान करें, दस्तक अभियान 24 अप्रैल को

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत रीवा लोकसभा क्षेत्र के सभी 2014 मतदान केन्द्रों में 24 अप्रैल को आओ हम मतदान करें-दस्तक अभियान का आयोजन किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत सर्वप्रथम प्रातः 9 बजे मतदान केन्द्र पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी) की बैठक आयोजित की जायेगी। उक्त बैठक में बीएजी के सदस्यों के अतिरिक्त अधिक से अधिक मतदाताओं को शामिल किया जायेगा। बैठक में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने की रणनीति तैयार की जायेगी। बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी) की बैठक के दौरान मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर कार्यक्रम, रंगोली आदि नवाचारों का आयोजन किया जायेगा। तदुपरांत बीएलओ के नेतृत्व में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका, आशा/आशा कार्यकर्ता, सचिव/जीआरएस (नगरीय क्षेत्र में वार्ड प्रभारी) एवं सिविल सोसायटी के सदस्यों का दल प्रत्येक मतदाता के घर जाकर उन्हें पीले चावल प्रदान कर उन्हें मतदान करने के लिये आमंत्रित करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्देश दिये कि संपूर्ण अभियान में किसी भी मतदाता का घर न छूटने पाये। आओ हम मतदान करें-दस्तक अभियान की निगरानी का दायित्व संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट का होगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट कार्यक्रम के आयोजन उपरांत अपना प्रतिवेदन सहायक रिटर्निंग आफीसर के माध्यम से निर्वाचन कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

## बटन दबाते ही हो जाएगा मतदान

**रीवा।** लोकसभा चुनाव 2024 में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से मतदान कराया जाएगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मतदान के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनें तैयार कर ली गई हैं। इनके माध्यम से 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। प्रत्येक मतदाता को बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची प्रदान की गई है। इस पर्ची तथा मतदाता पहचान पत्र इपिक को लेकर मतदाता मतदान केन्द्र आएंगे। ईपिक कार्ड न होने पर 12 अन्य अभिलेखों के आधार पर मतदाता की पहचान सुनिश्चित की जाएगी।

## चुनाव प्रचार समाप्ति के बाद सभा, जुलूस, सार्वजनिक प्रचार-प्रसार करना होगा दण्डनीय

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले यानी 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से सभी तरह का सार्वजनिक चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 24 अप्रैल को शाम 6 बजे के बाद कोई भी प्रत्याशी निर्वाचन के सम्बन्ध में कोई भी सार्वजनिक सभा या जुलूस नहीं करेगा और न ही उसमें सम्मिलित होगा तथा न ही उसे संबोधित करेगा। कोई भी प्रत्याशी प्रचार समाप्ति के बाद किसी भी ऐसे सार्वजनिक आयोजन, धार्मिक आयोजन, शादी-विवाह समारोह में सम्मिलित होकर चुनाव प्रचार संबंधी किसी भी प्रकार की कोई अपील भी नहीं करेगा। टी.वी, चलचित्र, रेडियो, एफ.एम.चौनल, मोबाइल पर वीडियो संदेश, वॉइस संदेश और ऐसे किसी भी साधन से चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद प्रचार संबंधी कोई अपील नहीं करेगा। कोई भी प्रत्याशी संगीत समारोह, नाट्य अभिनय और मनोरंजन के किसी भी ऐसे साधन का प्रयोग नहीं करेगा, जिससे चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित किया जा सके। किसी भी प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन की व्यवस्था भी नहीं करेगा। जनता के समक्ष चुनाव संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर दो वर्ष का कारावास या जुर्माना या फिर दोनों प्रकार के दण्ड का प्रावधान है।

## वोटिंग मशीन में होगा नोटा का भी बटन

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा वोटिंग मशीन में नोटा का भी बटन लगाया गया है। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि यदि कोई मतदाता मतदान केन्द्र में प्रवेश करने के बाद उसकी पहचान सुनिश्चित होने के बाद अपना मत किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में नही देना चाहता है तो उसके लिए उपरोक्त में से कोई नही नॉन आफ दी एवं नोटा का बटन रहेगा। इसको दबाने पर किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में मत अंकित नहीं होगा। इस बटन का उपयोग करने वाले मतदाताओं की गोपनीयता भंग नही की जाएगी। बटन पर हिन्दी भाषा में नोटा लिखा रहेगा। मतगणना के समय भी नोटा में दर्ज मत अलग से प्रदर्शित किए जाएंगे।

## कलेक्टर ने 23 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 23 आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश दिए हैं। लोकसभा चुनाव के समय कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गई है। आदतन अपराधियों को बार-बार समझाइश के बावजूद इनके आचरण में किसी तरह का सुधार नहीं हो रहा है। इनके कृत्यों से जनमानस में आतंक एवं भय व्याप्त है। इनका स्वच्छंद रहना आमजनता के लिए हितकर नहीं है जिसके कारण कलेक्टर द्वारा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है। इन सभी आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए रीवा जिले की राजस्व सीमाओं सहित मऊगंज, सिंगरौली, सीधी तथा सतना जिले की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद ही ये रीवा जिले की सीमाओं में प्रवेश कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने प्रिंस मिश्रा निवासी पिपरी थाना बैकुण्ठपुर, राहुल मिश्रा निवासी अमिरती वार्ड क्रमांक 19 थाना मनगवां, सतेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बांसा थाना गोविंदगढ़, आयुष पटेल उर्फ आशू उर्फ सारंश निवासी बासघाट थाना सिविल लाइन रीवा, अंकित दुबे निवासी शान्ती बिहार कालोनी पानी की टंकी थाना सिविल लाइन रीवा, अभिषेक तिवारी उर्फ छोटे निवासी ग्राम बक्छेरा टोला थाना सगरा, अनिमेष सिंह उर्फ अनिल निवासी कृष्णा नगर थाना बिछिया, आयुष द्विवेदी निवासी ग्राम बेलवा सुरसरी सिंह थाना सिरमौर, गोपाल जाटव निवासी मिश्रा मिष्ठान के पीछे घोघर थाना सिटी कोतवाली, मोहित उर्फ गोपी चिकवा निवासी चकान टोला थाना सिटी कोतवाली, रोहित उर्फ कमलेश साकेत निवासी ग्राम खम्हारी वार्ड क्रमांक एक थाना मनगवां, प्रिंस उर्फ गोलू मिश्रा निवासी बरौली ठकुरान थाना जवा, यादवेन्द्र उर्फ बब्बू मिश्रा निवासी घूमन थाना डभौरा, गौरव उर्फ मैक्सी पटेल निवासी सच्चा नगर मैदानी थाना चोरहटा, विजय कुशवाहा उर्फ रजोले निवासी नईबस्ती थाना चोरहटा, नीरज सोंधिया निवासी खुटेही थाना विश्वविद्यालय, सोम उर्फ रज्जन तिवारी निवासी बरौ थाना सेमरिया, हाल मुकाम ग्राम सोनरा थाना चोरहटा, बालेश सिंह निवासी बरहा थाना जनेह, धमेन्द्र उर्फ कृष्णा पाठक निवासी ग्राम पनवार थाना पनवार, महेश्वरी तिवारी निवासी मध्येपुर थाना चोरहटा, रामकृष्ण उर्फ कृष्णा यादव निवासी ग्राम रौसर थाना चोरहटा, श्रीनिवास गुप्ता उर्फ सिन्नू निवासी ग्राम चिल्ला वार्ड क्रमांक 13 थाना सोहागी तथा हरिओम गुप्ता उर्फ छोटे उर्फ कल्लू निवासी चिल्ला वार्ड क्रमांक 13 थाना सोहागी को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश दिया है।

## लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया पृथ्वी दिवस

**रीवा।** नगर के विंध्य बिहार कालोनी स्थित लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। निदेशक डॉ गायत्री शुक्ल ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन के लिए अति आवश्यक है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में छात्रों एवं शिक्षकों ने शपथ ली। शपथ ली कि कम से कम प्रत्येक वर्ष एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा में देखभाल कर वृक्ष बनाएंगे अपने आसपास के तालाब नदी पोखर एवं अन्य जल स्रोतों को प्रदूषित नहीं करेंगे तथा इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करेंगे, अपने घर एवं



महाविद्यालय के आसपास वर्षा के जल संचय हेतु अपने परिवार के सदस्यों को प्रेरित करेंगे, बिजली का उपयोग आवश्यकता अनुसार ही करेंगे, अपने घर एवं महाविद्यालय आस-पड़ोस को स्वच्छ रखेंगे, प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग बंद कर कपड़े कागज के थैले का उपयोग करेंगे, जीव जंतुओं में पशु पक्षियों के प्रति प्रेम भाव रखेंगे। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत नृत्य, नाटक, भाषण एवं कविता की मनमोहक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गई। शिक्षकों द्वारा छात्रों को बताया गया कि पृथ्वी के पर्यावरण को बचाने के लिए हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते, तो कम से कम इतना तो करें कि पॉलिथीन के उपयोग को नकारें, कागज का इस्तेमाल कम करें और रिसाइकल प्रक्रिया को बढ़ावा दें क्योंकि जितनी ज्यादा खराब सामग्री रिसाइकल होगी, उतना ही पृथ्वी का कचरा कम होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कंचन द्विवेदी, प्रज्ञा श्रीवास्तव, ऑचल दुबे, सुधा सोनी, श्वेता मिश्रा, पूजा शुक्ला, स्वाती सोनी तथा विवेक चतुर्वेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833